

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ अगले आर्मी चीफ होंगे :जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह लेंगे; दो महीने पहले उप सेना प्रमुख बने थे

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 20 अंक: 165 पृष्ठ: 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## जिंदा मिसाइल के साथ भारत पहुंचा ऑयल टैंकर:ओमान तट के पास हमला हुआ; 2000 किमी सफर कर कोच्चि आया

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोच्चि:** इंडियन नेवी ने संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह से कोच्चि आए एक ऑयल टैंकर से जिंदा मिसाइल को सुरक्षित निकालकर बड़ा समुद्री हादसा टाल दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 26 मई को ओमान तट के पास **MT** ओलम्पिक ऑयल टैंकर पर हमला हुआ था। इस शिप पर मार्शल आइलैंड का झंडा था। हमले के बाद मिसाइल का वारहेड फटा नहीं, बल्कि टैंकर के बाहरी हिस्से को भेदते हुए फ्यूल टैंक में जाकर फंस गया। टैंकर अरब सागर में करीब 2,000 किलोमीटर का सफर तय करके कोच्चि पहुंचा। 11 जून को इंडियन नेवी ने हाई-रिस्क ऑपरेशन चलाकर मिसाइल वारहेड को बाहर निकाला।

**हमले से तेल रिसा, फिर भी चलता रहा टैंकर**

26 मई को इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी एजेंसी रॉयटर्स ने बताया था कि ओमान की राजधानी मस्कट से करीब 1.8 किलोमीटर दूर टैंकर के बाएं हिस्से में पानी के पास धमाका हुआ था। हालांकि टैंकर का कामकाज देखने वाली



कंपनी स्प्रिंगफील्ड शिपिंग ने कहा था कि किसी अज्ञात चीज ने टैंकर को टक्कर मारी है। बाद में टैंकर के अधिकारियों को बताया कि उसके अंदर एक जिंदा मिसाइल वारहेड फंस गया है। धमाके के कारण टैंकर से कुछ तेल भी समुद्र में बह गया था। लेकिन टैंकर ने अपना सफर जारी रखा। इस बीच इंडियन नेवी को भी टैंकर में मिसाइल फंसे होने की जानकारी दी गई। कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसेना कमान ने विस्फोटक निष्क्रिय करने में माहिर एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल टीम को मौके पर भेजा। इस पूरे ऑपरेशन का को-ऑर्डिनेशन गुरुग्राम स्थित भारतीय नौसेना के इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर-इंडियन ओशन रीजन ने किया। जांच में पता चला कि मिसाइल ने ऑयल टैंकर के बाहरी हिस्से को चीरते हुए कई हिस्सों को नुकसान पहुंचाया और आखिर में फ्यूल टैंक में जाकर फंस गई थी। ऐसी स्थिति में जरा सी चूक भी बड़े धमाके का कारण बन सकती थी। इससे टैंकर, चालक दल और बंदरगाह के आसपास का इलाका खतरे में पड़ सकता था।

### फास्ट न्यूज

### खेत, किसान और गांवों से होकर गुजरता है विकसित भारत का रास्ताः ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की यात्रा उसके खेतों, किसानों और गांवों से होकर गुजरती है। उन्होंने कहा कि सतत कृषि, नवाचार और अनुसंधान विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने के प्रमुख आधार हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी के प्रभावी समन्वय के माध्यम से भारत वैश्विक कृषि नेतृत्वकर्ता के रूप में उभरने की क्षमता रखता है। ओम बिरला यहां अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'विकसित भारत 2047 के लिए सतत कृषि : परंपरा, प्रौद्योगिकी और ठोस परिणाम' के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

### टीएमसी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने भूपेन्द्र यादव से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में मची भगदड़ के बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने शनिवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। उनके साथ सांसद शताब्दी रॉय भी मौजूद थीं। हालांकि इस मुलाकात की आधिकारिक जानकारी अभी नहीं दी गयी है। सूत्रों ने बताया कि टीएमसी के सभी 19 बागी सांसदों की रविवार को बैठक होगी, जिसमें पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में सुदीप बंदोपाध्याय भी मौजूद रहेंगे। इससे पहले भूपेंद्र यादव के आवास पर टीएमसी के 19 बागी सांसदों की बैठक हुई थी और अब सुदीप बंदोपाध्याय के भूपेंद्र यादव से मुलाकात के बाद यह माना जा रहा है कि वह भी इन बागी सांसदों में शामिल हो सकते हैं। भूपेंद्र यादव पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के प्रभारी थे।

इनमें राजस्थान, बिहार, यूपी के जवान, तीनों की शादी की बात चल रही थी; लैंडिंग के दौरान हादसा

# एयरफोर्स का ट्रांसपोर्ट विमान क्रैश, 5 जवानों की मौत

**दुखद**

हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/जोरहाटः** असम में जोरहाट के रौरिया इंडियन एयरबेस पर शनिवार सुबह 10 बजे लैंडिंग के दौरान वायुसेना का विमान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 5 जवानों की मौत हो गई। इनमें स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम शामिल हैं। दानिश बिहार के तो खेमाराव राजस्थान के रहने वाले थे। सार्जेंट जितेंद्र यूपी से थे। तीनों की शादी की बात चल रही थी। इस हादसे में एक को-पायलट घायल हो गया है। हादसा उस समय हुआ, जब विमान एयरबेस पर उतरने की कोशिश कर रहा था। हादसे के बाद उसमें आग लग गई और दो हिस्से में टूट गया। यह एएन-32 मालवाहक विमान था, जिसका इस्तेमाल सैनिकों और सामान की ढुलाई के लिए किया जाता है। हादसे की वजह सामने नहीं आई है। इंडियन एयरफोर्स ने बताया कि विमान रुटीन उड़ान पर था। साथ ही अपील कि शुरूआती नतीजे आने तक कोई अंदाजा न लगाएं। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दे दिए हैं।




### दुर्घटना के बाद एयरबेस क्षेत्र में आग की ऊंची लपटें और घना धुआं देखा गया

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट में घटना पर दुख जताते हुए कहा, असम के जोरहाट में एएन–32 विमान दुर्घटना में पांच वायु योद्धाओं की मौत से मुझे गहरा दुख हुआ है। स्क्वाड्रन लीडर प्रशांत सिंह, फ्लाइट लेफ्टिनेंट शुभम कुमार, सार्जेंट जितेंद्र शर्मा, अग्निवीरवायु खेमाराम कुमावत और अग्निवीरवायु दानिश आलम ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। देश उनके साहस और सेवा को हमेशा गर्व और कृतज्ञता के साथ याद रखेगा। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। दुख की इस घड़ी में देश मजबूती से उनके साथ खड़ा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद एयरबेस क्षेत्र में आग की ऊंची लपटें और घना धुआं देखा गया। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान वायुसेना की 43वीं स्क्वाड्रन से संबंधित था और नियमित सैन्य उड़ान पर था। विमान का उपयोग सैन्य सामग्री और रसद के परिवहन के लिए किया जाता है।

सूत्रों के मुताबिक, विमान निर्धारित रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग नहीं कर सका और एयरबेस के घास एवं उबड़–खाबड़ हिस्से में उतर गया। लैंडिंग के दौरान जोरदार धमाका होने के बाद विमान में आग लग गई और वह दो हिस्सों में बंट गया।

**एयरफोर्स एएन-32 विमानों को बदलने की तैयारी में**

भारतीय वायुसेना अपने पुराने **एएन-32** और **IL-76** मालवाहक विमानों को बदलने की तैयारी कर रही है। इसके लिए नए मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे, ताकि भविष्य में सैनिकों, हथियारों और सैन्य सामान की ढुलाई की जरूरतें पूरी की जा सकें।

**दानिश बिहार, खेमाराम राजस्थान तो जितेंद्र यूपी से थे**

अग्निवीर दानिश बिहार में भोजपुर के कोईलवर प्रखंड के कुल्हाड़ियां गांव के रहने वाले थे। वे अक्टूबर 2025 में अग्निवीर जवान के रूप में वायु सेना में भर्ती हुए थे। दानिश के शहीद होने की सूचना मिलने के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर है। घर के इकलौते बेटे की असमय मौत से माता-पिता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 30 मई को ड्यूटी पर लौटे थे। अग्निवीर खेमाराम कुमावत राजस्थान के डीडवाना-कुचामन जिले के पांचोता गांव के रहने वाले थे। परिवार में उनकी शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।

सार्जेंट जितेंद्र अलीगढ़ के रहने वाले थे।

भारतीय वायुसेना में साल-2014 में भर्ती हुए थे। परिवार में उनकी मां के अलावा 2 बड़े भाई रमाकांत और भूपेंद्र हैं। जितेंद्र सबसे छोटे थे।परिजनों के अनुसार, जितेंद्र हाल ही में छुट्टी लेकर गांव आए थे। 5 जून 2026 को वह वापस ड्यूटी पर लौटे थे। घर में उनकी शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बीएचयू स्थित नेशनल सेंटर ऑफ एजिंग का निरीक्षण करते हुए।

### युवा शक्ति भारत के भविष्य को नई दिशा दे रहीः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने पर युवाओं के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि भारत के युवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, विनिर्माण, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और ड्रोन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं तथा देश और दुनिया के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। युवाओं की उपलब्धियां विकसित भारत के निर्माण की मजबूत नींव बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि भारतीय युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते देखना अत्यंत हर्ष का विषय है। देश के युवा नवाचार और तकनीक आधारित क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने खेल जगत में युवाओं के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा खिलाड़ियों ने अनेक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है।

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 15 जून से शुरू करेगी कमर्शियल उड़ानें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो 15 जून से जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से कमर्शियल उड़ानें शुरू करेगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू सोमवार को पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 15 जून को कमर्शियल उड़ानें शुरू होंगी। इंडिगो पहली फ्लाइट ऑपरेट करेगी। एयरलाइन की पहली उड़ान लखनऊ से नोएडा एयरपोर्ट के लिए होगी, जो लखनऊ से सुबह 7:05 बजे उड़ेगी और 8:05 बजे नोएडा पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में बना यह एयरपोर्ट अब दिल्ली-एनसीआर का दूसरा इंटरनेशनल गेटवे बन जाएगा।

**पहली उड़ानें और शुरूआती रूट नेटवक**



इंडिगो एयरलाइन की पहली कमर्शियल उड़ान लखनऊ से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए चलेगी, यह सुबह 7:05 बजे रवाना होगी और सुबह 8:05 बजे पहुंचेगी। 16 जून से बेंगलुरु के लिए उड़ानें शुरू होंगी। इसके बाद जुलाई 2026 से नवी मुंबई, भोपाल, देहरादून, जोधपुर और बरेली के लिए सर्विस शुरू की जाएगी। इंडिगो सबसे पहले अपनी सेवाएं शुरू करेगी और उसके बाद के चरणों में आकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगी, जिससे प्रमुख घरेलू रूटों पर कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

### अमेरिका-ईरान वार्ता निर्णायक मोड़ पर, हस्ताक्षर की तारीख पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं, लेकिन इसके औपचारिक स्वरूप और समय-सीमा को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। वार्ता प्रक्रिया में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान और ईरान के अधिकारियों ने समझौते की संभावना तो जताई है, लेकिन इसके अंतिम रूप लेने के समय को लेकर उनके बयान अलग-अलग हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि दोनों पक्ष पहले से कहीं अधिक शांति समझौते के करीब हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले 24 घंटों के भीतर किसी महत्वपूर्ण प्रगति या समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है। वहीं, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने संकेत दिया कि समझौते के लिए बातचीत जारी है।

## पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार की उल्टी गिनती शुरूः नायब

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राज्य में उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। अबोहर नगर निगम चुनावों में भाजपा की शानदार जीत प्रदेश में आगामी बदलाव की शुरूआत है। अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी,उसके बाद नशा बेचने वाला एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री सैनी शनिवार को पंजाब के अबोहर में आयोजित एक विशाल 'ओबीसी महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो, पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में पंजाब की वीर और देशभक्त भूमि को नमन करते हुए यहां के किसानों, व्यापारियों, युवाओं और माताओं के योगदान को सराहा।



**दावा**

पंजाब में भाजपा सरकार बनने पर एक भी नशा बेचने वाला नहीं मिलेगा: सैनी

उन्होंने पंजाब सरकार को हर मोर्चे पर नाकाम बताते हुए कहा कि महिलाओं को 1,000 रुपए देने की योजना सिर्फ एक राजनीतिक हथकंडा साबित हुई।

### ओमान तट पर लियाकी फ्रीडम जहाज पर हमले की खबर गलतः मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** ओमान के तट पर लियाकी फ्रीडम जहाज पर हमले और भारतीय नाविकों की मौत की खबरों को भारत सरकार ने पूरी तरह गलत बताया है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जहाज पर मौजूद चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं। मंत्रालय ने मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि अमेरिकी हमले में इस जहाज पर सवार भारतीय नाविक मारे गए हैं।

विदेश मंत्रालय ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि उन्होंने जहाज लियाकी फ्रीडम के मास्टर से बात की है, जिन्होंने पुष्टि की है कि सभी क्रू मेंबर सुरक्षित हैं और बताई गई जानकारी गलत है।

*प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश देश के अग्रणी शिक्षित राज्यों में शामिल है और शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में भी लगातार नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा*

## शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश ने रचा विकास का नया इतिहासः अग्निहोत्री

**ऐतिहासिक निर्णय**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देशभर के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा है: डिप्टी सीएम

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शनिवार को शिमला में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश२२१ ने शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कुछ दशकों के दौरान अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश देश के अग्रणी शिक्षित राज्यों में शामिल है और शिक्षा की गुणवत्ता



के मामले में भी लगातार नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में शिक्षा सुविधाओं का अभाव था तथा साक्षरता दर भी अत्यंत कम थी। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी। लेकिन दूरदर्शी नेतृत्व और निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप आज हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देशभर के लिए एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा प्रदर्शन में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए देश के शीर्ष राज्यों में शामिल हुआ है। उन्होंने शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिनका सकारात्मक प्रभाव अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने सरकारी विद्यालयों में आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) पाठ्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की पहल की है। इससे विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पधाओं और अवसरों के लिए बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। इसके लिए शिक्षकों के विशेष प्रशिक्षण और चयन की प्रक्रिया भी संचालित की जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा का व्यापक विस्तार हुआ है। राज्य में विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), नर्सिंग कॉलेजों तथा तकनीकी शिक्षण संस्थानों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए पिछले वर्षों में बड़ी संख्या में डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए हैं, जिससे विशेष रूप से छात्राओं को लाभ मिला है।

## श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अनुरोध पर एसआईटी का गठन, तीन सदस्यीय दल करेगा जांच

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध पर विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। यह दल तीर्थ क्षेत्र में दानपात्रों को लेकर लगाए जा रहे आरोपों की जांच कर शासन को अपनी रिपोर्ट देगा। लखनऊ के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज किरण एस. तथा विशेष सचिव (वित्त) नील रतन कुमार को एसआईटी का सदस्य बनाया गया है। गौरतलब है कि अयोध्या स्थित तीर्थ क्षेत्र में दान पात्रों को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को गंभीरता से लेते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मामले



की निष्पक्ष जांच के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से विशेष जांच दल गठित किए जाने का अनुरोध किया था। ट्रस्ट के अनुसार, अफवाहों पर रोक लगाने और मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए इसकी गहन जांच आवश्यक है। यह तीर्थ क्षेत्र की छवि और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को चोट पहुंचाने की गहरी साजिश है, जिसका पर्दाफाश होना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रस्ट के इस अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से तीन वरिष्ठ अधिकारियों के विशेष जांच दल का गठन किया है। यह टीम पूरे प्रकरण की गहन छानबीन कर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।



ACTION INDIA

नई दिल्ली, 14 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# योगी सरकार में तेजी से आकार ले रहा गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

पूर्वांचल को मिलेगी नई पहचान, चंद दिनों में ही लगभग 6.73 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा, 30 हजार दर्शकों के बैठने की होगी व्यवस्था, खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होगा स्टेडियम परिसर, 392.94 करोड़ की लागत से बन रहा विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम, 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य, आधुनिक सुविधाओं से लैस यह स्टेडियम न केवल पूर्वांचल बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

**अवसंरचना**

**करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा, दर्शकों की क्षमता 30 हजार होगी, अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लगेंगी लाइट्स**







**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश खेल अवसंरचना के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी क्रम में गोरखपुर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तेजी से आकार ले रहा है। लगभग 392.94 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का करीब 6.73 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आधुनिक सुविधाओं से लैस यह स्टेडियम न केवल पूर्वांचल बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा, दर्शकों की क्षमता 30 हजार होगी**

योगी सरकार का यह ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के युवाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलने वाला साबित होगा। स्टेडियम का 16 मई 2026 को भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम हुआ था। इसके बाद से निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। मिट्टी भरने का काम पूरा हो गया है। पाइलिंग का काम चल रहा है। खेल निदेशालय के मुताबिक, वर्तमान में स्टेडियम का भौतिक निर्माण कार्य लगभग 6.73 प्रतिशत पूरा हो चुका है और कार्य निर्धारित समय सीमा के अनुसार आगे बढ़ रहा है।

सरकार का लक्ष्य 23 दिसंबर 2027 तक इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूर्ण करना है। करीब 46 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाला यह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाला होगा।

## खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए होंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

गोरखपुर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण के लिए वित्तीय संसाधनों की भी मजबूत व्यवस्था की गई है। इस परियोजना हेतु पेट्रोलियम मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने सीएसआर फंड से 100 करोड़ रुपये उपलब्ध कराने पर सहमति दी है। शेष राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जा रही है। परियोजना को गति देने के लिए राज्य सरकार ने प्रथम किस्त के रूप में 63 करोड़ 39 लाख रुपये की धनराशि भी स्वीकृत कर दी है। इस खेल परिसर में खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्टेडियम का निर्माण ग्राउंड प्लस टू फ्लोर मॉडल पर किया जा रहा है।

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप लगेंगी लाइट्स**

मुख्य मैदान में खिलाड़ियों के लिए सात प्लेइंग पिच और चार प्रैक्टिस पिच बनाई जाएंगी। रात्रिकालीन मुकाबलों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चार हाई मास्ट फ्लड लाइट्स लगाई जाएंगी। इससे दिन-रात दोनों समय मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी का अवसर भी प्राप्त होगा। इससे गोरखपुर की पहचान केवल धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में ही नहीं, बल्कि एक प्रमुख खेल केंद्र के रूप में भी स्थापित होगी।

**क्रिकेट हब के रूप में तैयार हो रहा उत्तर प्रदेश- खेल सचिव**

खेल सचिव सुहास एल.वाई. ने बताया कि उत्तर प्रदेश देश में क्रिकेट हब के रूप में डवलप हो रहा है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम वाराणसी का काम पूरा होने की स्टेज पर है। इसी तरह गोरखपुर में निर्माण कार्य तेजी पर है और अयोध्या का स्टेडियम बनकर तैयार है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच हो रहे हैं।

## शिक्षकों को जल्द मिलेगा 5 लाख तक का कैशलेस इलाज, योजना के पोर्टल का ट्रायल शुरू



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** प्रदेश के शिक्षकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों के लिए बड़ी सुविधा देने की तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार जल्द ही "मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना" शुरू करने जा रही है। योजना के तहत पात्र शिक्षकों, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के कैशलेस उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए बनाए गए ऑनलाइन पोर्टल का बीटा वर्जन फिलहाल परीक्षण के दौर से गुजर रहा है।

**पात्र कर्मचारियों का डेटा एकत्र किया जा रहा**

स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि योजना के औपचारिक शुभारंभ से पहले विभाग पात्र कर्मचारियों का डेटा एकत्र करने और उसे त्रुटिरहित बनाने में जुटी है। पूर्व में कई मामलों में उपलब्ध कराए गए रिकॉर्ड में नाम, जन्मतिथि, आधार अथवा पारिवारिक विवरण में अंतर होने के कारण कार्ड जारी होने की प्रक्रिया प्रभावित होती थी। ऐसे मामलों में आवेदन लंबित रह जाते थे। इसी समस्या को दूर करने के लिए इस बार डेटा सैनेटाइजेशन पर विशेष जोर दिया गया है।

# गिरिराज के प्रवास पर सांसद बृजमोहन के नेतृत्व में जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित

**जनकल्याणकारी**

**मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और देश की प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई**





टीम एक्शन इंडिया

रायपुरः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के 12 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'विशेष जनसंपर्क अभियान' के अंतर्गत केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए।

**पर्यावरण के प्रति संकल्पः 'एक पेड़ माँ के नाम'**

दिन की शुरूआत रायपुर के ऑक्सीजोन गार्डन में पौधारोपण के साथ हुई। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के साथ मिलकर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने कहा, "यह अभियान केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि माँ के प्रति हमारे प्रेम और कृतज्ञता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी जी का यह आह्वान अब एक जन-आंदोलन बन चुका है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भारत की नींव रख रहा है।"

**संस्कृति और सूफी संगीत के संवाहक से भेंट**

सांसद अग्रवाल एवं केंद्रीय मंत्री सिंह ने सुप्रसिद्ध गायक और पद्मसे सम्मानित डॉ. भारती बंधु जी से भेंट की।

भारतीय संस्कृति और सूफी संगीत के संवाहक डॉ. भारती बंधु के साथ इस भेंट के दौरान मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और देश की प्रगति के विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा हुई।

# केंद्र की योजनाओं को लागू करने में राज्य सरकार विफलः अन्नपूर्णा

**साधा निशाना**

**झारखंड के लोग अब पछता रहे हैं क्योंकि विकास के लगभग हर क्षेत्र में राज्य पिछड़ता जा रहा हैः केंद्रीय मंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**

**धनबाद।** धनबाद पहुंचीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है और जिस अनुपात में अन्य राज्यों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, उसी अनुपात में झारखंड को भी सहायता मिल रही है। लेकिन राज्य सरकार केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने में असफल साबित हो रही है। अन्नपूर्णा देवी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना झारखंड में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास विकास को लेकर स्पष्ट विजन की कमी है, जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोग अब पछता रहे हैं क्योंकि विकास के लगभग हर क्षेत्र में राज्य पिछड़ता जा रहा है। शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लगातार धांधली के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है।

# केंद्र-राज्य समन्वय से विकास को मिलेगी नई गतिः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**समन्वय**

**मजबूत साझेदारी से अधोसंरचना विकास, उद्योग, रोजगार, जनसेवा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर निर्मित हो रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय एवं निरंतर संवाद की भावना ने विकास कार्यों को नई गति प्रदान की है। इसी सहयोगात्मक दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि केंद्र और राज्य के बीच मजबूत साझेदारी से अधोसंरचना विकास, उद्योग, रोजगार, कौशल विकास तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आपसी सहयोग और समन्वय से छत्तीसगढ़ के विकास को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे



**श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान बनीं महक नरवासेः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किया सम्मानित।**

# 'नारी राग-रंग महोत्सव ने महिलाओं की छिपी प्रतिभाओं को नई पहचान दी'

**सशक्त मंच**

**नारी राग-रंग महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।**





**टीम एक्शन इंडिया**

**बिलासपुरः** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव 2026 का आज एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर में भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन रहे। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास एवं श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षागण श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास एवं श्रीमती शुभमहापात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षगण, कार्यकारिणी सदस्याएँ, कर्मचारीगण एवं उनके परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महोत्सव के द्वितीय दिवस पर समूह गायन, समूह नृत्य, स्टैंड-अप कॉमेडी/मिमिक्री तथा नाटक/स्किट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को विशेष गरिमा एवं उत्साह प्रदान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में हरीश दुहन ने कहा, नारी राग-रंग महोत्सव का उद्देश्य महिलाओं के भीतर छिपी प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रतिभागियों के उत्साह और उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने सिद्ध किया है कि यह पहल अपने उद्देश्य में सफल रही है।

# खोह नागोरियान अग्निकांडः अवैध पटाखा नेटवर्क के चेहरे बेनकाब



**धरपकड़**

**फैक्ट्री परिसर के अलावा आसपास के कई मकानों में पटाखों की लेबलिंग और बॉक्स पैकिंग का काम कराया जाता था**

**टीम एक्शन इंडिया**

खोह नागोरियान क्षेत्र में नौ जून को हुए भीषण अग्निकांड में आठ लोगों की मौत के मामले में पुलिस जांच के दौरान लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। शनिवार को इस अवैध पटाखा कारोबार से जुड़े तीन मुख्य आरोपितों फिरोज, वसीम और अकील की तस्वीरें सामने आई हैं। पुलिस के अनुसार ये तीनों अवैध पटाखा फैक्ट्रियों और बारूद कारोबार के प्रमुख संचालक हैं। फिलहाल सभी आरोपित फरार हैं और उनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। खोह नागोरियान थानाधिकारी प्रकाश विश्नोई ने बताया कि मामले में अलग-अलग तथ्यों के आधार पर दो मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। मुख्य आरोपितों याकूब और कय्यूम को फरार होने में मदद करने के आरोप में सलमान कुरैशी को 12 जून को गिरफ्तार किया गया था, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं और क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। जांच में सामने आया है कि दिल्ली निवासी आलम खान अवैध फैक्ट्री में मैनेजर की भूमिका निभा रहा था। वह अपने सहयोगी आसिफ कुरैशी के साथ पूरे नेटवर्क का संचालन करता था।

आरोप है कि दोनों नाबालिग बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को मामूली मजदूरी का लालच देकर बारूद के बीच काम करवाते थे। कई मजदूरों की उम्र 15 से 16 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि खोह नागोरियान क्षेत्र की अवैध फैक्ट्रियों में 150 से अधिक लोग कार्यरत थे। फैक्ट्री परिसर के अलावा आसपास के कई मकानों में पटाखों की लेबलिंग और बॉक्स पैकिंग का काम कराया जाता था।

स्थानीय परिवार भी आर्थिक लालच में इस अवैध कारोबार का हिस्सा बने हुए थे। पुलिस के अनुसार फिरोज दिल्ली निवासी अवैध फैक्ट्री का मुख्य संचालक और साजिशकर्ता और वसीम आईटीआई के पीछे संचालित दो अवैध पटाखा फैक्ट्रियों का संचालक है। जहां से भारी मात्रा में बारूद बरामद हुआ।

ब्रिक्स देश दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, इनके पास वैश्विक कृषि भूमि का करीब 42 प्रतिशत हिस्सा

# मानवता का पोषण, प्रकृति का संरक्षण और विश्व कल्याण का आधार है कृषि : शिवराज



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति सिखाती है कि कृषि केवल अन्न उत्पादन का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता के पोषण, प्रकृति के संरक्षण और विश्व कल्याण का आधार है। इसी भावना के साथ आज इंदौर में आयोजित 16वें ब्रिक्स कृषि सम्मेलन का एक सर्वसम्मत इंदौर डिक्लेरेशन के साथ सफल समापन हुआ। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान शनिवार को इंदौर में आयोजित ब्रिक्स देशों की कृषि मंत्रिस्तरीय और अधिकारी स्तरीय बैठकों के समापन के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट और अनिश्चितताओं के बीच ब्रिक्स देशों की यह बैठक पूरी दुनिया के लिए आशा, विश्वास और सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश लेकर आई है। इसमें खाद्य सुरक्षा, किसान कल्याण, जलवायु-सहनीय खेती, कृषि व्यापार और डिजिटल एग्रीकल्चर को नई दिशा देने वाले कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। उन्होंने बताया कि ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों और प्रतिनिधियों के साथ खाद्य सुरक्षा, पौष्टिक आहार, किसानों की आजीविका, कृषि व्यापार, नवाचार, निवेश, जलवायु-सहिष्णु खेती तथा सतत कृषि विकास जैसे विषयों पर व्यापक, सार्थक और परिणामोन्मुखी विचार-विमर्श हुआ। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सहयोगी मंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी तथा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कृषि समूह की मंत्री स्तरीय तथा उससे पहले अधिकारी स्तरीय, दोनों बैठकें सानंद, सार्थक और सफलतापूर्वक संपन्न हुई हैं। सदस्य और सहयोगी देशों के लगभग 60 विदेशी प्रतिनिधियों सहित कुल लगभग 100 प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कृषि और खाद्य सुरक्षा के प्रश्न पर ब्रिक्स देशों के बीच कितना गहरा जुड़ाव और गंभीरता है।

ब्रिक्स देश दुनिया की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, इनके पास वैश्विक कृषि भूमि का करीब 42 प्रतिशत हिस्सा है और विश्व के खाद्यान्न उत्पादन में भी लगभग 42 प्रतिशत योगदान इन्हीं देशों का है, इसलिए इनकी सामूहिक आवाज वैश्विक मंच पर एक प्रभावी शक्ति के रूप में उभरी है। उन्होंने इस बात पर भी गर्व व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस बार ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है और ब्रिक्स के कृषि समूह की दोनों बैठकें-अधिकारी स्तर और मंत्री स्तर, इसी परिप्रेक्ष्य में इंदौर में हुई हैं।

चौहान ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया में चार प्रमुख प्राथमिकताओं पर गहन विमर्श हुआ-दुनिया और ब्रिक्स देशों की खाद्य सुरक्षा (फूड सिक्योरिटी) और पौष्टिक आहार, ब्रिक्स देशों के बीच कृषि व्यापार और सहयोग को बढ़ावा, जलवायु परिवर्तन की चुनौती के बीच रीजेनेरेटिव फार्मिंग, जलवायु अनुकूल और सतत कृषि पद्धतियाँ, कृषि क्षेत्र में नवाचार, तकनीक और साझेदारी को मजबूत करना।

# महंगाई: 500 यूनिट से अधिक बिजली खर्च पर बढ़ेंगी दरें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। आयोग ने दिल्ली की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को मंजूरी दी है। राहत की बात यह है कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं की मासिक बिजली खपत 500 यूनिट तक है, उन्हें इस बढ़ोतरी का कोई अतिरिक्त बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। इस निर्णय से 500 यूनिट से ज्यादा बिजली इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों पर जरूर असर पड़ेगा। ऐसे ग्राहकों के लिए बिजली की दरें 1 से 3.30 फीसदी तक बढ़ जाएंगी। हालांकि, सब्सिडी पाने वाले ग्राहकों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इनमें वे ग्राहक शामिल हैं जो 200 से 500 यूनिट तक बिजली का उपयोग करते हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह



फैसला बिजली उत्पादन और ईंधन की बढ़ती लागत को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। डीईआरसी का कहना है कि आम घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए 500 यूनिट तक की खपत को इस बढ़ोतरी से बाहर रखा गया है। इससे बड़ी संख्या में परिवारों के बिजली बिल पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**सौरभ भारद्वाज ने बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर साधा निशाना**

दिल्ली में बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई जरूरी सेवाओं के महंगे होने से राजधानी में मध्यम वर्ग के लिए रहना मुश्किल होता जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (डीईआरसी) द्वारा सरचार्ज की ज्यादा सीमा को मंजूरी दिए जाने पर कहा कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल, कुकिंग गैस और हर चीज के दाम बढ़ा दिए हैं। तो दिल्ली सरकार ने भी राजधानी में बिजली के दाम बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। भारद्वाज ने कहा कि अब दिल्ली में मिडिल क्लास के लिए रहना मुश्किल होता जा रहा है। इसे नौकरीपेशा परिवार काफी प्रभावित हो रहा है। स्कूल की फीस लगभग दोगुनी हो रही है, बिजली के दाम बढ़ा दिए गए हैं।

## विधानसभा अध्यक्ष ने सामुदायिक सुविधाओं एवं नई आरएमसी सड़कों का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को रोहिणी विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न नागरिक अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि किसी भी शहर का वास्तविक मूल्यांकन केवल उसकी भव्य अवसंरचना से नहीं बल्कि नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली जीवन गुणवत्ता से होता है। उन्होंने कहा कि विकास सड़कों, सार्वजनिक सुविधाओं और सामुदायिक स्थलों में स्पष्ट रूप से



दिखाई देना चाहिए, जो नागरिक जीवन को अधिक सुगम और बेहतर बनाते हैं। कार्यक्रम में विजेंद्र गुप्ता ने सेक्टर-18 स्थित ग्रीन वैली अपार्टमेंट्स में नव निर्मित शौचालय सुविधा तथा सेक्टर-7, पॉकेट एच-18 स्थित लोटस अपार्टमेंट्स में एक मनोरंजन केंद्र (रिक्रिएशन सेंटर) का उद्घाटन किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने नाहरपुर गांव में गोपाल जनरल स्टोर से जिंदल ट्रेडर्स तक निर्मित आरएमसी सड़क, सेक्टर-8 के पॉकेट एफ-19 में मकान संख्या 24 से 44 तक निर्मित सड़क तथा पॉकेट एफ-15 एवं एफ-16 में नव निर्मित आरएमसी सड़कों को भी जनता को समर्पित किया।

# नई दिल्ली दिल्ली-एनसीआर में अगले 24 घंटे में तेज हवा के साथ बारिश होने के आसार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुसार अगले 24 घंटे के दौरान दिल्ली-एनसीआर में तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं, जबकि पूर्वोत्तर तथा दक्षिण के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के अनुसार राजधानी में 14 जून को दोपहर और शाम के दौरान तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दिन यहां 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे से लेकर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी आने का अनुमान है, जबकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 37-39 डिग्री सेल्सियस और 23-25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने के आसार हैं। 15 जून को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। यहां का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 37-39 डिग्री सेल्सियस और 24-26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं, 16 जून को तेज हवा और गरज के साथ दोपहर से शाम के बीच वर्षा होने के आसार हैं। दिल्ली में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 39-41 डिग्री सेल्सियस और 25-27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

अरुणाचल प्रदेश में 15-16 जून, असम और मेघालय में 14-16 जून, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 14-15 जून, केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ क्षेत्रों में 14 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में 17-19 जून, असम और मेघालय के कुछ क्षेत्रों में 17-19 जून तक बहुत भारी बारिश होने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। अगले दो दिनों के दौरान मराठवाड़ा और मध्य महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में लू चलने की बहुत संभावना है।

अगले 2-3 दिनों के दौरान कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों, ओडिशा के कुछ हिस्सों और दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं।

# हाउस टैक्स शिविरों में उमड़ी भीड़, निगम को मिला 37.30 लाख का राजस्व



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: नगर** निगम पूर्वी जोन द्वारा आयोजित हाउस टैक्स सहायता एवं जमा शिविरों में आम लोगों और व्यापारियों का उत्साहजनक संख्या रहा। इन शिविरों के माध्यम से दिल्ली नगर निगम को कुल 37.30 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, वहीं लोगों को कर संबंधी समस्याओं के समाधान और समय पर कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ललिता पार्क स्थित ज्वाइंट एक्शन कमेटी (आरडब्ल्यूए), लक्ष्मी नगर द्वारा आयोजित हाउस टैक्स सहायता एवं जमा शिविर में 48 संपत्ति स्वामियों ने करीब 2.30 लाख रुपये का हाउस टैक्स जमा कराया। शिविर के दौरान नागरिकों को संपत्ति कर निर्धारण, बकाया राशि और आनलाइन

**समाधान**

**लोगों को कर संबंधी समस्याओं के समाधान और समय पर कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया**

भुगतान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। यह शिविर निगम अधिकारी रजत दहिया के सहयोग से संपन्न हुआ। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष अनीश गर्ग ने कहा कि ऐसे शिविरों से नागरिकों का समय और संसाधनों की बचत होती है तथा सरकारी सेवाओं तक उनकी पहुंच आसान बनती है। दिवसीय हाउस टैक्स कैंप में 165 दुकानदारों ने 35 लाख रुपये का कर जमा किया।

# तुगलकाबाद अग्निकांड में सनसनीखेज खुलासा: रहस्यमयी महिला ने लगाई आग!

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के तुगलकाबाद एक्सटेंशन में हुए भीषण अग्निकांड की जांच के बीच एक ऐसा सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है। फुटेज में एक अज्ञात महिला आग लगने से महज दो-तीन मिनट पहले इमारत में प्रवेश करती दिखाई दे रही है। इसके कुछ ही देर बाद वह बिल्डिंग से बाहर निकलती नजर आती है और फिर इमारत में आग



भड़क उठती है। इस खुलासे के बाद स्थानीय लोगों ने आगजनी के पीछे महिला की भूमिका होने की आशंका जताई है, जबकि पुलिस फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। स्थानीय निवासियों का दावा है कि महिला की गतिविधियां बेहद संदिग्ध हैं।

पड़ोसियों का कहना है कि आग लगने के समय वह महिला इमारत में मौजूद थी और उसके बाहर निकलने के तुरंत बाद आग फैल गई। हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है और सभी पहलुओं की जांच जारी है।

# डीयू के कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग में विदेशी भाषा प्रोग्राम सहित कई प्रमुख प्रोफेशनल कोर्सों में दाखिले शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग (सीओएल) के तहत स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल), डिपार्टमेंट ऑफ डिस्टेंस एंड कंटिन्यूइंग एजुकेशन (डीडीसीई) और ओपन लर्निंग डेवलपमेंट सेंटर (ओएलडीसी) ने आठ विदेशी भाषाओं में एक साल के सर्टिफिकेट कोर्स और एक साल के डिप्लोमा कोर्स के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा कर दी है। सीओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो ने शनिवार को यह




जानकारी देते हुए बताया कि ये प्रोग्राम जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश, इटैलियन, पुर्तगाली, चीनी, जापानी और कोरियाई भाषाओं में दिल्ली विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ जर्मनिक एंड रोमांस स्टडीज और डिपार्टमेंट ऑफ ईस्ट एशियन स्टडीज के सहयोग से पेश किए

**दाखिला**

**एक साल के सर्टिफिकेट कोर्स और एक साल के डिप्लोमा कोर्स के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा कर दी**

जा रहे हैं। बेहतर भाषा शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने के लिए ओएलडीसी जल्द ही इन प्रोग्राम को ऑनलाइन मोड में भी शुरू करेगा, जिससे देश भर के विद्यार्थी इनमें शामिल हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि अपने अंतरराष्ट्रीय भाषा प्रोग्राम के पोर्टफोलियो को और मजबूत करते हुए, ओएलडीसी दिल्ली विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ स्लावोनिक एंड फिनो-उग्रियन स्टडीज के सहयोग से रूसी भाषा में भी एक साल के सर्टिफिकेट और एक साल के डिप्लोमा कोर्स शुरू करने जा रहा है। रूसी भाषा का प्रोग्राम क्लासरूम और ऑनलाइन, दोनों मोड में पेश किया जाएगा। प्रो. पायल मागो ने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस ऑफ ओपन लर्निंग के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) और डिपार्टमेंट ऑफ डिस्टेंस एंड कंटिन्यूइंग एजुकेशन (डीडीसीई) द्वारा पेश किए जाने वाले प्रमुख प्रोग्रामों के लिए दाखिले 17 जून से शुरू होंगे। उन्होंने प्रमुख प्रोग्राम की जानकारी देते हुए बताया कि मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडवरटाइजिंग एंड डिजिटल मीडिया लीडरशिप (पीजीडीएडीएलएम) है।



हर्ष मल्होत्रा ने शहीद राजगुरु कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंस की प्राध्यापिका से की भेंट, प्रधानमंत्री की 12 साल की उपलब्धियों पर चर्चा।

# अंग्रेजी मीडियम के छात्रों को हिंदी माध्यम में किया जा रहा शिफ्ट?

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सरकारी स्कूलों में कक्षा 11 के छात्रों को अंग्रेजी माध्यम से हिंदी माध्यम सेक्शन में स्थानांतरित किए जाने के आरोपों की शिक्षा निदेशालय ने अब औपचारिक जांच शुरू कर दी गई है।अधिवक्ता अशोक अग्रवाल की ओर से इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि कुछ सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाओं को या तो बंद किया जा रहा है या फिर उन्हें हिंदी माध्यम के साथ मिला दिया जा रहा है, जिससे छात्रों को अपनी चुनी हुई भाषा में पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई हो रही है। शिकायतकर्ता ने कहा कि ये घटनाएं उत्तर-पूर्वी दिल्ली के

**शिकायत दर्ज**

**विकल्प नहीं मिल रहे हैं इस स्थिति को लेकर अभिभावकों और छात्रों में चिंता बढ़ गई है**

कुछ स्कूलों में हो रही हैं, जिनमें सीआर दास सर्वोदय कन्या विद्यालय का नाम भी सामने आया है। शिकायत के अनुसार, जिन छात्रों ने 10वीं तक अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई की थी। उन्हें 11वीं में उसी माध्यम में आगे बढ़ने के पर्याप्त विकल्प नहीं मिल रहे हैं इस स्थिति को लेकर अभिभावकों और छात्रों में चिंता बढ़ गई है।

# एनटीए ने परीक्षा अधिकारियों के लिए 'परीक्षा कर्मयोगी' प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने अपनी परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता, निष्पक्षता और मानकीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से परीक्षा कर्मयोगी: परीक्षा अधिकारियों के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रम नामक डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह कार्यक्रम भारत सरकार के आईजीओटी कर्मयोगी भारत मंच पर उपलब्ध कराया गया है। एनटीए द्वारा शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह प्रशिक्षण विशेष रूप से परीक्षा केंद्र अधीक्षकों और निरीक्षकों (इनविजिलेटर्स) सहित उन अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है, जो एनटीए की विभिन्न परीक्षाओं, विशेषकर नीट




(यूजी), के संचालन में शामिल रहते हैं। इस कार्यक्रम को परीक्षा से जुड़े अधिकारियों की क्षमता को मजबूत करने और ऑफलाइन, पेन-और-पेपर आधारित परीक्षाओं को सुचारू, सुरक्षित और स्टैंडर्ड तरीके से आयोजित करने के लिए बनाया गया है। कार्यक्रम में परीक्षा प्रक्रिया के पूरे चक्र को शामिल करते हुए चार मॉड्यूल तैयार किए गए हैं। पहले मॉड्यूल में निष्पक्षता, पारदर्शिता और परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में परीक्षा कर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया है। दूसरे मॉड्यूल में परीक्षा पूर्व तैयारियों, परीक्षा केंद्रों की तत्परता, सुरक्षा व्यवस्था और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के पालन से जुड़े पहलुओं को शामिल किया गया है।

तीसरे मॉड्यूल में परीक्षा दिवस की गतिविधियों को चार चरणों–परीक्षा शुरू होने से पहले, परीक्षा प्रारंभ होने के समय, परीक्षा के दौरान और परीक्षा समाप्ति के बाद–के आधार पर समझाया गया है। चौथे मॉड्यूल में प्रमुख निर्देशों और जिम्मेदारियों का संक्षिप्त संदर्भ मार्गदर्शिका (क्विक रेफरेंस गाइड) दी गई है।

पुलिस का कहना है कि अभी तक दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है

# त्रिलोकपुरी में घायल मिली मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला, दुष्कर्म की आशंका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** त्रिलोकपुरी के 27 ब्लॉक क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ एक महिला के घायल अवस्था में मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि अभी तक दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार 12 जून की सुबह करीब 6:30 बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली थी कि 27 ब्लॉक के पास एक महिला घायल अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही मयूर विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन वहां महिला और कॉल करने वाला व्यक्ति नहीं मिला।

**जाँच जारी**

**पुलिस के अनुसार 12 जून की सुबह करीब 6:30 बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली थी**

बाद में पता चला कि एंबुलेंस महिला को अस्पताल लेकर जा चुकी है।

**महिला को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया**

पुलिस टीम ने तलाश के बाद महिला को जीटीबी अस्पताल में भर्ती पाया। मेडिकल जांच में महिला के साथ मारपीट होने की बात सामने आई है। उसके चेहरे पर सूजन और चोट के निशान पाए गए हैं। स्थानीय पूछताछ में महिला की पहचान क्षेत्र में घूमने वाली



मानसिक रूप से अस्वस्थ और बेसहारा महिला के रूप में हुई है। घटना की जानकारी फैलने के बाद इलाके के कुछ लोगों ने महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने की आशंका जताई। लोगों का कहना है कि महिला जिस हालत में मिली, उसे देखते हुए मामले की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभी तक उपलब्ध मेडिकल दस्तावेजों में शारीरिक हमला होने का उल्लेख है और दुष्कर्म की पुष्टि संबंधी कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

**जांच एजेंसियों को मामले की तह तक पहुंचने में कठिनाई**

महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह घटना के संबंध में कोई स्पष्ट बयान देने में सक्षम नहीं है। डॉक्टरों के अनुसार वह होश में है, लेकिन मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण घटनाक्रम बताने की स्थिति में नहीं है। इसी वजह से जांच एजेंसियों को मामले की तह तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए क्राइम टीम और एफएसएल टीम को बुलाया।

मौके से साक्ष्य जुटाए गए हैं और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

# गुरु जसपाल राणा के निधन पर भावुक हुई मनु भाकर, कहा- अपूरणीय क्षति

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भारत** की स्टार निशानेबाज मनु भाकर ने अपने गुरु और मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन को खेल जगत के लिए 'अपूरणीय क्षति' बताया है। भारत के महान पिस्टल निशानेबाज और बाद में सफल कोच बने जसपाल राणा का 49 वर्ष की आयु में हृदय संबंधी जटिलताओं के कारण गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात निधन हो गया। अपने निधन के समय वह भारतीय पिस्टल शूटिंग टीम के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्यरत थे। जसपाल राणा ने मनु भाकर के करियर को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके मार्गदर्शन में मनु ने पेरिस ओलंपिक 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीतकर नया इतिहास रचा था। अपने गुरु के निधन पर मनु ने सोशल मीडिया पर तीन तस्वीरें साझा करते हुए केवल दो शब्द लिखे- अपूरणीय क्षति। वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा बनीं मनु, जसपाल राणा के पार्थिव शरीर के शहर पहुंचने पर भी मौजूद रहीं। शुक्रवार शाम वह जसपाल राणा के पिता एनएस राणा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित करती दिखाई दीं। जसपाल राणा का खिलाड़ी के रूप में करियर 15 वर्षों से अधिक समय तक चला। उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2006 एशियाई खेल शामिल रहे, जहां उन्होंने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर उस समय के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी। प्रतिभा पहचानने और खिलाड़ियों को बड़े मंच के लिए तैयार करने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारतीय शूटिंग के सबसे प्रभावशाली कोचों में शामिल किया।

# आम आदमी पार्टी लुटेरों की टोली, केजरीवाल हुए बेनकाब: सीएम सैनी

## पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार की उल्टी गिनती शुरू: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अबोहर में विशाल 'ओबीसी महासम्मेलन' को मुख्यमंत्री सैनी ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि राज्य में उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। अबोहर नगर निगम चुनावों में भाजपा की शानदार जीत प्रदेश में आगामी बदलाव की शुरूआत है। अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी, उसके बाद नशा बेचने वाला एक भी व्यक्ति नहीं मिलेगा।

मुख्यमंत्री सैनी शनिवार को पंजाब के अबोहर में आयोजित एक विशाल 'ओबीसी महासम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो, पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ और कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में पंजाब की वीर और देशभक्त भूमि को नमन करते हुए यहां के किसानों, व्यापारियों, युवाओं और माताओं के योगदान को सराहा। उन्होंने पंजाब की वर्तमान सरकार द्वारा चलाए गए 'युद्ध-नशों के विरुद्ध' अभियान को पूरी तरह फेल बताया और कहा कि आदमी पार्टी की सरकार सिर्फ खोखले नारों और विज्ञापनों में व्यस्त है। उन्होंने पंजाब सरकार को हर मोर्चे पर नाकाम बताते हुए कहा कि महिलाओं को 1,000 रुपए देने की योजना सिर्फ एक राजनीतिक हथकंडा साबित हुई, जिसका अब तक पंजीकरण भी शुरू नहीं हुआ। उन्होंने पंजाब सरकार पर अबोहर के साथ घोर राजनीतिक उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा कि इस नगर निगम को मात्र 5 करोड़ रुपए देकर यहां की जनता का अपमान किया गया है, जबकि इससे ज्यादा फंड तो हरियाणा सरकार ने अपने छोटे से छोटे गाँव को दिया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आप पार्टी को अहसास हो चुका है कि अगले विधानसभा चुनाव के बाद पंजाब में उनकी सत्ता नहीं रहेगी इसलिए कुछ लोग दोनों हाथों से पंजाब को लूटने में लगे हुए हैं। उन्होंने आप पार्टी को लुटेरों की टोली बताया और कहा कि इनके मुखिया केजरीवाल का भी ईमानदारी का चोला उतर चुका है। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के उस बयान का हवाला दिया जिसमें मान ने पंजाब में 5 साल में 65 हजार नौकरियां देने की बात कही है, इस पर सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 55 हजार नौकरियां तो पिछले एक साल में ही अपने प्रदेश के युवाओं को दे दी हैं। मुख्यमंत्री ने हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि पंजाब केलोगों ने भी अगर विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताया तो ये सब योजनाएं पंजाब में भी लागू होंगी। उन्होंने आगे कहा कि यही नहीं इस प्रदेश में किसानों की फसलों को एमएसपी पर खरीद कर, फसल खराबे पर उचित मुआवजा देकर और उद्योगपतियों को उनके उद्योगों के अनुकूल माहौल देकर पंजाब को देश में नंबर वन सूबा बनाएंगे।






### आज देश के भाजपा शासित 5 राज्यों में ओ.बी.सी. समाज के मुख्यमंत्री हैं: सीएम सैनी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगे कहा कि जब से देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में आई है, तब से सामाजिक न्याय को केवल नारे के रूप में नहीं, बल्कि नीति और नियत दोनों के रूप में लागू किया गया है। प्रधानमंत्री स्वयं ओ.बी.सी. समाज से हैं। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित, पिछड़े और गरीब वर्गों को मुख्यधारा में लाने का काम किया है। उन्होंने उदाहरण देकर बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने ओबीसी समाज को केवल एक वोट बैंक के रूप में नहीं देखा, उसे नेतृत्व का अवसर देकर सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उनके मंत्रीमंडल में 27 ओ.बी.सी. मंत्री हैं। आज देश के भाजपा शासित 5 राज्यों में ओ.बी.सी. समाज के मुख्यमंत्री हैं। यह पूरे ओ.बी.सी. समाज के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। नायब सिंह सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ओ.बी.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया, यह एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने इस समाज को अधिकारों की नई शक्ति प्रदान की।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा भूमणशाह, सिरसा गद्दी महंत ब्रह्म दास जी से की भेंट, लिया आशीर्वाद

चंडीगढ़: हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को पंजाब के गांव खुंईया सरवर पहुंचकर बाबा भूमणशाह, सिरसा गद्दी महंत ब्रह्म दास जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महंत ब्रह्म दास जी का अभिवादन करते हुए प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं का आशीर्वाद समाज को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ सेवा, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की संत परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य आधार है, जिसने सदैव समाज में भाईचारे, आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य किया है। ऐसे महान संतों का मार्गदर्शन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। महंत ब्रह्म दास जी ने भी मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु की मंगल कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश-प्रदेश का हुआ सर्वांगीण और समावेशी विकास : गौरव गौतम

## सरकार ने 140 करोड़ देशवासियों और राष्ट्र की भावना से प्रेरित होकर युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी

**अभियान**

**सरकार द्वारा 12 वर्ष की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाया जा रहा है विशेष जनसंपर्क अभियान**




टीम एक्शन इंडिया
चंडीगढ़: हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा 12 वर्ष के कार्यकाल में प्राप्त की गई सराहनीय उपलब्धियां के लिए प्रदेशभर के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल में देश-प्रदेश का सर्वांगीण और समावेशी विकास हुआ है, जिससे अंत्योदय उत्थान और जनकल्याण को बल मिला है। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा 12 वर्ष की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विशेष जनसंपर्क और जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि हर एक व्यक्ति तक सरकार की अंत्योदय उत्थान और जन कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा सके ताकि लोग सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने विशेष जनसंपर्क और जन जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को पलवल स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में प्रेस वार्ता कर सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां बताईं। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष के कार्यकाल में लागू की गई अंत्योदय उत्थान और जनकल्याण से संबंधित योजनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि सरकार के पिछले 12 वर्ष विश्वास, विकास और जन कल्याण को समर्पित रहे हैं। सरकार ने 140 करोड़ देशवासियों और राष्ट्र की भावना से प्रेरित होकर युवाओं, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के फलस्वरूप ही आज देश ने बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल क्रांति तक विश्व स्तर पर एक नई पहचान हासिल की है। विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सरकार सेवा, सुशासन और समृद्धि के इस पथ पर निरंतर अग्रसर है।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारत के इतिहास में सेवा, सुशासन, सुरक्षा और विकास का स्वर्णिम अध्याय बनकर उभरा है। देश की जनता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताकर लोकतंत्र में एक नया इतिहास रचा है। इस अवधि में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए को हटाकर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया गया, वहीं सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, वन रैंक-वन पेंशन, नागरिकता संशोधन अधिनियम तथा नए न्याय-केंद्रित आपराधिक कानूनों जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने राष्ट्र की सुरक्षा और न्याय व्यवस्था को नई दिशा दी है।

आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 190 से अधिक देशों में मनाया जा रहा है, जबकि चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 और गगनयान जैसे मिशनों ने भारत की वैज्ञानिक क्षमता को वैश्विक पहचान दिलाई है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था रहा भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

# नीट परीक्षार्थियों की मदद को सभी जिलों में बनेंगे हेल्प डेस्क




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी डिप्टी कमिश्नरों, पुलिस अधीक्षकों, पुलिस कमिश्नरों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का उद्देश्य 21 जून को राज्य भर में आयोजित होने वाली नीट पुनः परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेना था। बैठक में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने सभी डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिए कि वे हर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करें और परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी न होने दे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी केंद्रों का समय पर निरीक्षण किया जाए ताकि वहां बिजली, पीने के पानी, साफ-सफाई, चिकित्सा सहायता और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों को पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन विभागों के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाने के निर्देश दिए ताकि परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से हो सके। परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने, ट्रैफिक प्रबंधन को प्रभावी बनाने और परीक्षार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा न होने देने के लिए विशेष प्रबंध किए जाने

# पानीपत के औद्योगिक सेक्टर-28 में खुलेंगे नए रेस्टोरेंट

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने पानीपत के इंडस्ट्रियल सेक्टर-28 में रेस्टोरेंट स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। सेक्टर-28 (इंडस्ट्रियल जोन) में अधिकतम दो रेस्टोरेंट इकाइयों को अनुमति देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इच्छुक आवेदकों को निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जारी सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, यह प्रक्रिया 10 नवंबर, 2017 की नीति और सेक्टर-28 से संबंधित संशोधित विकास योजना प्रावधानों के तहत संचालित की जा रही है। सरकार ने सीमित नेट प्लांड एरिया (एनपीए) के भीतर निर्धारित श्रेणियों की गतिविधियों को अनुमति देने का प्रावधान रखा है। जारी नीति के अनुसार किसी सेक्टर में रेस्टोरेंट जैसी सुविधा को कुल क्षेत्रफल की निर्धारित सीमा के भीतर अनुमति दी जा सकती है। सेक्टर-28 के लिए अधिकतम दो इकाइयों को अनुमति देने का प्रस्ताव रखा गया है।

# आंधी-तूफान से प्रभावित बिजली व्यवस्था की बहाली तेज: विज

**मरम्मत**

**13,277 क्षतिग्रस्त बिजली खंभों की मरम्मत युद्धस्तर पर- अनिल विज**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रदेश में हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण प्रभावित हुई बिजली व्यवस्था का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को जल्द बहाल किया जाए तथा प्रभावित उपभोक्ताओं को न्यूनतम समय में राहत पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि बिजली व्यवस्था को शीघ्र सामान्य बनाने के लिए विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। विज ने बताया कि तेज आंधी और तूफान के कारण प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 13,277 बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त अथवा उखड़ गए, जिनकी मरम्मत एवं पुनर्स्थापना का कार्य तेजी से जारी है। इनमें उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) के 2,791 तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के 10,486 खंभे शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द सुचारू करने के लिए विभाग द्वारा 1,552 कर्मचारियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। इनमें यूएचबीवीएन के 620 तथा डीएचबीवीएन के 932 कर्मचारी एवं तकनीकी दल शामिल हैं, जो दिन-रात फील्ड में रहकर बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं अन्य बिजली ढांचे की मरम्मत का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंधी-तूफान की वजह से प्रदेश में 233 गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है, इसमें यूएचबीवीएन के तहत 32 गांव है जबकि डीएचबीवीएन के 201 गांव है। इसी प्रकार, प्रदेश में 842 फीडर प्रभावित हुए है जिनमें यूएचबीवीएन के 458 और डीएचबीवीएन 384 फीडर शामिल है। हुई थी, लेकिन विभाग की तत्परता और कर्मचारियों की मेहनत से अधिकांश क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है। शेष प्रभावित क्षेत्रों में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है और विभाग का लक्ष्य है कि सभी उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द निर्बाध बिजली उपलब्ध कराई जाए। विज ने कहा कि राज्य सरकार और ऊर्जा विभाग आमजन को बेहतर एवं निर्बाध बिजली सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मरम्मत कार्यों की लगातार निगरानी की जाए।

# भारत ने विकास, सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के नए आयाम स्थापित किए: ग्रोवर

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक।** प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। देश की जनता ने वर्ष 2014 में राजनीतिक अस्थिरता और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए नरेंद्र मोदी को नेतृत्व का अवसर दिया था और पिछले 12 वर्षों में नए भारत की मजबूत नींव रखी गई है।

वर्तमान केंद्र सरकार के सत्ता में 12 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष में प्रदेशभर में चलाये जा रहे व्यापक प्रचार अभियान के तहत स्थानीय कैनाल विश्राम गृह में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, राज्यसभा के पूर्व सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने केंद्र सरकार की पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। दोनों नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# मनोरंजन के नाम पर महिलाओं पर अभद्र टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं: उषा

**दिशा-निर्देश**

**अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर महिलाओं को मजाक का पात्र बनाना सही नहीं**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी ने कहा कि मनोरंजन के नाम पर और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिलाओं को मजाक का पात्र बनाना भी सही नहीं है। यह बात उन्होंने शनिवार को यहां अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कलाकारों, गायकों, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स को चेतावनी देते हुए कही। गुरुग्राम में हाल ही में सामने आए 370 बिरयानी विवाद पर उषा प्रियदर्शनी ने तेवर दिखाए। सोशल मीडिया पर एक स्टैंड-अप कॉमेडियन के विवादित वीडियो से उपजे विवाद में उषा प्रियदर्शी ने चिंता जाहिर की। उन्होंने वीडियो और शोज में दिखाए जाने वाले डिस्क्लेमर पर सख्त आपत्ति जताते हुए कहा कि वीडियो की शुरूआत में यह डिस्क्लेमर डाल देना कि यह केवल मनोरंजन के लिए है तो कुछ भी किया जा सकता है। ऐसा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि डिस्क्लेमर डाल देने मात्र से कलाकार अपने आपत्तिजनक और गरिमाहीन बयानों की जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। कला के नाम पर अश्लीलता और अपमान परोसने की इजाजत किसी को नहीं है। उषा प्रियदर्शी ने भारतीय संस्कृति को रेखांकित करते हुए समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाएं देवी, दुर्गा और मां का रूप हैं।

उनका अपमान करने वाली मानसिकता को किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। हरियाणा महिला आयोग अब ऐसे कॉमेडियन, गायक और फिल्मकारों के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा जो समाज की इस मयार्दा को ठेस पहुंचा रहे हैं।

# महाराणा प्रताप के आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : माईराम कौशिक



**राई।** भाजपा नेता माईराम कौशिक ने शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, संघर्ष, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी देश के युवाओं को राष्ट्र सेवा और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। जिला उपाध्यक्ष अजय दहिया ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन कभी भी अपने स्वाभिमान और मातृभूमि की स्वतंत्रता से समझौता नहीं किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी साहस और धैर्य का परिचय देते हुए देशभक्ति की मिसाल कायम की। उनका जीवन हमें सिखाता है कि लक्ष्य कितना भी कठिन क्यों न हो, दृढ़ संकल्प और परिश्रम से उसे प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अमृत भारत स्टेशन योजना से गुरुग्राम व पटौदी के स्टेशन बन रहे विश्वस्तरीय

## विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास से यात्रियों को मिलेगा आधुनिक यात्रा अनुभव




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों में शामिल गुरुग्राम को आधुनिक रेल सुविधाओं से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गुरुग्राम रेलवे स्टेशन और पटौदी रोड रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य इसी सोच का परिणाम है, जिसका उद्देश्य यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना और शहर की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप आधुनिक रेल अवसंरचना विकसित करना है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गुरुग्राम रेलवे स्टेशन का लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत आधुनिक बहुमंजिला स्टेशन भवन, रूफ प्लाजा, एयर कॉनकोर्स, अत्याधुनिक प्रतीक्षालय, बेहतर यात्री सुविधाएं, कैफेटेरिया, हरित क्षेत्र, आधुनिक सुरक्षा प्रणाली और मल्टी लेवल पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। स्टेशन के डिजाइन में स्थानीय संस्कृति और विरासत की झलक को भी शामिल किया जाएगा। पुनर्विकास के बाद गुरुग्राम रेलवे स्टेशन न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के एक प्रमुख रेलवे स्टेशन के रूप में नई पहचान भी स्थापित करेगा।

**संकल्प**

**विकसित भारत के संकल्प के साथ-साथ विकसित गुरुग्राम के लक्ष्य को भी साकार किया जा रहा है**

गुरुग्राम जिले के पटौदी रोड रेलवे स्टेशन को भी अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल किया गया है, जहां लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किए जा रहे हैं। इससे पटौदी, जटौली मंडी और आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक रेल यात्रा का लाभ मिलेगा। गुरुग्राम आज वैश्विक निवेश, उद्योग, आईटी, सेवा क्षेत्र और रोजगार का प्रमुख केंद्र बन चुका है। ऐसे में आधुनिक रेल अवसंरचना शहर की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान कर रही है।

मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत गुरुग्राम और पटौदी रोड रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास केंद्र सरकार की उस दूरदर्शी सोच को दर्शाता है, जिसके माध्यम से विकसित भारत के संकल्प के साथ-साथ विकसित गुरुग्राम के लक्ष्य को भी साकार किया जा रहा है।

## संपादकीय

# मानवता की धड़कनों को जीवित रखने का संकल्प

**हर** वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। सामान्यतः यह दिवस रक्तदाताओं के सम्मान और रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। किंतु यदि हम इसके गहरे सामाजिक और नैतिक अर्थों को समझने का प्रयास करें तो यह केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि मानवता, करुणा, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्सव है। आज का समय अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति, आर्थिक विकास और वैश्विक संपर्क का युग है। मनुष्य चंद्रमा और मंगल तक पहुंचने की योजनाएं बना रहा है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता जीवन के अनेक क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है और संचार के साधनों ने दुनिया को एक वैश्विक गाँव में परिवर्तित कर दिया है। इसके बावजूद मानव समाज के सामने एक गंभीर संकट उभरता दिखाई देता है- संवेदनाओं का क्षरण। समाज में जाति, वर्ग, धर्म, भाषा, क्षेत्र, विचारधारा और राजनीतिक पहचान के आधार पर विभाजन बढ़ता जा रहा है। सार्वजनिक विमर्श में संवाद की जगह आरोप-प्रत्यारोप ने ले ली है। सामाजिक मीडिया ने जहां अभिव्यक्ति का मंच दिया है, वहीं अनेक बार उसने वैमनस्य और कटुता को भी बढ़ावा दिया है। ऐसे वातावरण में रक्तदान का संदेश हमें याद दिलाता है कि मनुष्य की मूल पहचान उसकी मानवता है। रक्त की कोई जाति नहीं होती, कोई धर्म नहीं होता, कोई राजनीतिक विचारधारा नहीं होती। अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में जब किसी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति, प्रसूता माता, थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चे या कैंसर रोगी को रक्त की आवश्यकता होती है, तब रक्तदाता और प्राप्तकर्ता के बीच केवल एक संबंध होता है- मानवता का। रक्तदान का महत्व इसी तथ्य में निहित है कि यह निःस्वार्थ सेवा का सबसे सरल और प्रत्यक्ष रूप है। एक व्यक्ति कुछ मिनटों का समय देकर किसी अनजान व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। यह ऐसा दान है जिसमें दाता का कुछ कम नहीं होता, बल्कि समाज का जीवन-संसाधन बढ़ता है। भारतीय परंपरा में दान को केवल भौतिक वस्तुओं के त्याग तक सीमित नहीं माना गया है। हमारे शास्त्रों में परोपकार, सेवा और लोकमंगल को जीवन का सर्वोच्च धर्म कहा गया है। रक्तदान उसी परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। दुर्भाग्य से आज भी समाज के एक बड़े वर्ग में रक्तदान को लेकर अनेक भ्रांतियां विद्यमान हैं। कुछ लोग इसे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हैं, कुछ इसे अनावश्यक जोखिम समझते हैं, जबकि चिकित्सा विज्ञान स्पष्ट रूप से बताता है कि स्वस्थ व्यक्ति द्वारा नियमित अंतराल पर किया गया रक्तदान पूर्णतः सुरक्षित है। आवश्यकता इस बात की है कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संस्थाओं के माध्यम से वैज्ञानिक जानकारी का व्यापक प्रसार किया जाए। भारत जैसे विशाल देश में रक्त की आवश्यकता निरंतर बढ़ रही है। सड़क दुर्घटनाएं, जटिल शल्यक्रियाएं, प्रसूति संबंधी जटिलताएं, कैंसर उपचार और थैलेसीमिया जैसे रोग नियमित रक्त आपूर्ति पर निर्भर हैं।

# रिटेल महंगाई से बाजार और आम आदमी की परेशानी



संजय सक्सेना

> अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होने का असर सीधे पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और औद्योगिक लागत पर पड़ता है। सरकार भले तेल कंपनियों को राहत देने की कोशिश करे, लेकिन वैश्विक संकट लंबे समय तक जारी रहे तो घरेलू उपभोक्ता पूरी तरह उससे बच नहीं सकते। प्राकृतिक परिस्थितियां भी महंगाई को प्रभावित करती हैं। मानसून कमजोर पड़ता है, अलनीनो जैसी स्थिति बनती है या बारिश अनुमान से कम होती होती है, तो खेती पर असर पड़ता है। उत्पादन घटने की आशंका से खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने लगती हैं

सरकार के आंकड़े कुछ भी कहें लेकिन सच्चाई यही है कि देश में महंगाई की मार जारी है. लगातार पांचवें महीने रिटेल महंगाई बढ़ी है और मई में यह बढ़कर 3.93 फीसदी पर पहुंच गई है. हालांकि, ये अभी भी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के तय दायरे से अंदर बनी हुई है. आरबीआई द्वारा निर्धारित किए गए दायरे की बात करें तो ये 2-6 फीसदी निर्धारित है. इससे पिछले अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर 3.48 फीसदी रही थी.

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों को देखें, तो देश में रिटेल महंगाई में इजाफे के लिए खासतौर पर फूड प्रोडक्ट्स और ईंधन की बढ़ती कीमतें जिम्मेदार रहीं. मई में महंगाई दर इस वर्ष जनवरी में लागू संशोधित सीपीआई श्रृंखला के अंतर्गत अब तक की सबसे उच्च दर है.

मई में महंगाई दर बढ़ाने में सबसे ज्यादा योगदान खाने-पीने की चीजों के साथ ही ईंधन दरों में बढोत्तरी का रहा. खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में लगातार वृद्धि का सिलसिला जारी है. यह अप्रैल के 4.20% से बढ़कर मई में 4.78% हो गई, जिससे पता चलता है कि खाद्य पदार्थों की कीमतें एक महीने पहले की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही हैं.

फूड प्राइस में इजाफे के साथ ही ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवहन लागत बढ़ गई है. ईंधन के रेट में बढोत्तरी ने भी महंगाई बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है. सरकारी तेल वितरण कंपनियों ने मई के दौरान ईंधन की कीमतों में चार बार वृद्धि की, जिससे परिवहन लागत बढ़ गई और महंगाई बढ़ाई है.

आपको पता है कि महंगाई को आंकड़ों से कहीं अधिक आम आदमी की थाली, रसोई, जेब और मन की चिंता से समझा जा सकता है। सरकारी रिपोर्टों में महंगाई दर भले कुछ प्रतिशत अंकों में मापी जाती हो, लेकिन इसका असली असर उस परिवार पर दिखता है, जिसे हर महीने सीमित आमदनी में राशन, गैस, बिजली, बच्चों की पढ़ाई, दवा और यात्रा का खर्च संभालना पड़ता है। मई महीने में खुदरा महंगाई दर का चढ़कर 3.93 फीसदी होना इसी चिंता को फिर से बढ़ाता है। अप्रैल में यह दर 3.48 फीसदी थी, यानी महंगाई की रफ्तार फिर तेज हुई है। खाद्य पदार्थों की



कीमतों में बढ़ोतरी इसका सबसे बड़ा कारण बनी है। खाद्य महंगाई 4.78 फीसदी तक पहुंचना बताता है कि रसोई का बजट अब पहले से अधिक दबाव में है। महंगाई केवल आंकड़ों का खेल नहीं होती, यह आम आदमी की थाली, रसोई, यात्रा, बच्चों की पढ़ाई और पूरे घरेलू बजट की सीधी कहानी होती है। जय बाजार में सब्जी महंगी होती है, ईंधन के दाम बढ़ते हैं, रसोई गैस महंगी होती है और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च बढ़ता है, तब इसका असर सबसे पहले गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ता है। सरकार और रिजर्व बैंक के लिए महंगाई को नियंत्रित रखना एक बड़ी जिम्मेदारी है। रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तय करते समय सीपीआई को मुख्य आधार बनाता है। सरकार ने महंगाई को चार फीसदी के आसपास रखने का लक्ष्य दिया है, जिसमें दो फीसदी ऊपर-नीचे का दायरा शामिल है। मई का आंकड़ा भले इस दायरे में दिखाई देता हो, लेकिन खाद्य महंगाई, ईंधन की कीमतों और वैश्विक संकटों को देखते हुए चिंता स्वाभाविक है। महंगाई का दबाव यदि लगातार बना रहा तो इसका असर मांग, निवेश और आर्थिक विकास पर भी पड़ेगा। ईंधन महंगाई की आग को और हवा दे रहा है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से केवल वाहन चलाना महंगा नहीं होता, बल्कि माल बुलाई, सार्वजनिक परिवहन, किराया, खाद्य सामग्री और सेवा क्षेत्र तक इसकी मार पहुंचती है। मई से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी ने आम आदमी के खर्च को और बढ़ाया है। सीएनजी महंगी होने से शहरी परिवहन भी प्रभावित हुआ है। जब परिवहन लागत बढ़ती है, तो बाजार तक पहुंचने वाली हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है। यही कारण है कि ईंधन की महंगाई धीरे-धीरे पूरे बाजार में फैल जाती है। घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में वृद्धि ने आम परिवारों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। होटल और रेस्तरां पहले ही वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की बढ़ी कीमतों के कारण खानपान महंगा कर चुके हैं। अब घरेलू गैस की कीमत बढ़ने से आम घरों की रसोई तक महंगाई की सीधी आंच पहुंच गई है। जिन परिवारों की आय सीमित है, उनके लिए गैस सिलिंडर, सब्जी, दूध, स्कूल फीस और बिजली-पानी जैसे खर्चों को संतुलित करना कठिन होता जा रहा है। महंगाई केवल घरेलू कारणों से नहीं बढ़ती। वैश्विक हालात भी इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता भारत जैसे आयात पर निर्भर देश के लिए गंभीर चुनौती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महंगा होने का असर सीधे पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और औद्योगिक लागत पर पड़ता है। सरकार भले तेल कंपनियों को राहत देने की कोशिश करे, लेकिन वैश्विक संकट लंबे समय तक जारी रहे तो घरेलू उपभोक्ता पूरी तरह उससे बच नहीं सकते। प्राकृतिक परिस्थितियां भी महंगाई को प्रभावित करती हैं। मानसून कमजोर पड़ता है, अलनीनो जैसी स्थिति बनती है या बारिश अनुमान से कम होती होती है, तो खेती पर असर पड़ता है। उत्पादन घटने की आशंका से खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ने लगती हैं। भारत में बड़ी आवादी अब भी कृषि और मौसम पर निर्भर है। इसलिए मानसून की अनिश्चितता सीधे खाद्य महंगाई से जुड़ जाती है। यदि बारिश सामान्य नहीं रही तो अनाज, सब्जियों और दालों की कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। इस स्थिति में सरकार और रिजर्व बैंक दोनों के सामने संतुलन साधने की चुनौती है। एक ओर महंगाई को नियत्रित रखना है, दूसरी ओर आर्थिक विकास की रफ्तार भी बनाए रखनी है। यदि व्याज दरें बढ़ती हैं तो कर्ज महंगा होता है और उद्योगों पर दबाव पड़ता है। यदि व्याज दरें स्थिर रखी जाती हैं तो महंगाई पर नियंत्रण की चुनौती बनी रहती है। यही कारण है कि मौद्रिक नीति का निर्णय केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों के संयुक्त आकलन पर निर्भर करता है। आने वाली तिमाही विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकती है। त्योहारी सीजन में मांग बढ़ती है। यदि उसी समय ईंधन, खाद्य सामग्री और रसोई गैस महंगी रहती है, तो आम परिवारों का बजट और बिगड़ सकता है। त्योहार खुशी का अवसर होते हैं, लेकिन महंगाई उन्हें भी खर्च और चिंता के बोझ में बदल देती है। मध्यम वर्ग अपने खर्च को सीमित करता है और गरीब परिवार जरूरतों को प्राथमिकता देने के लिए मजबूर हो जाते हैं। महंगाई से निपटने के लिए केवल आंकड़ों की समीक्षा पर्यास नहीं है। जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति मजबूत करनी होगी, जमाखोरी पर नियंत्रण रखना होगा, परिवहन लागत कम करने के उपाय करने होंगे और कमजोर वर्गों को लक्षित राहत देनी होगी। सरकार को पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर व्यावहारिक राहत के रास्ते तलाशने चाहिए। साथ ही कृषि उत्पादन, भंडारण और वितरण व्यवस्था को बेहतर चनाना होगा, ताकि मौसम या बाजार की हलचल का बोझ सीधे उपभोक्ता पर न पड़े। आज आम आदमी की सबसे बड़ी चिंता यही है कि उसकी आय जितनी तेजी से नहीं बढ़ रही, खर्च उससे कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। महंगाई का दर्द सबसे अधिक उसी को महसूस होता है, जिसके पास विकल्प कम हैं। इसलिए महंगाई को केवल आर्थिक सूचकांक मानना भूल होगी।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# मुख्य अतिथि बनने के अचूक उपाय

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**साहित्यिक** आयोजनों की सबसे बड़ी और कड़वी खूबी यह होती है कि वहाँ मुख्य अतिथि का चयन ज्ञान के तराजू पर तौलकर नहीं, बल्कि आयोजकों द्वारा अपने स्वार्थ की मलाई चाटने के उपक्रम से तय किया जाता है। मंच पर बैठे उस तथाकथित मसीहा को बुलाने के पीछे एक पूरा व्यापारिक गणित छिपा होता है। मसलन यदि वह सरकारी गलियारों में तगड़ी पैठ रखता है, तो आयोजक मंडल उसके तलवे इस उम्मीद में चाटता है कि भविष्य में उनके कई रुके हुए सरकारी टेंडर, जमीन के कागजात और अवैध निर्माण के काम मक्खन की तरह पूरे हो जाएँगे। यदि वह मुख्य अतिथि किसी बड़ी धनराशि वाले साहित्यिक सम्मान की मानद समिति में बैठा है, तो आयोजक उसे पान-इलायची खिलाकर मन ही मन उस मलाईदार पुरस्कार और उसकी मोटी रकम को हथियाने का चक्रव्यूह रच रहे होते हैं। अगर मुख्य अतिथि महोदय किसी नामचीन अखबार या पत्रिका के बड़े संपादक निकल गए, तो मंच पर उनकी आरती इस लालच में उतारी जाती है कि अगले रविवार के अंक में आयोजकों की दो कौड़ी की घिसी-पिटी रचनाएँ पहले पन्ने पर सज जाएँगी। और यदि वह व्यक्ति ज्ञान से पूरी तरह पैदल लेकिन नोटों से लबालब भरा कोई धनाढ्य सेठ हुआ, तो उसे मंच पर केवल इसलिए बिठाया जाता है ताकि कार्यक्रम के तंबू, कुर्सियों, समोसों और मुख्य अतिथि के खुद के बुके का खर्च 'स्पॉन्सर' के रूप में उसी की जेब से हँसते-हँसते झटक लिया जाए। आज की शाम भी कुछ ऐसी ही स्वार्थ-गंगा में गोता लगाने वाली थी, जहाँ हिंदी जगत के महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की स्मृतियों में एक विराट गोष्ठी का आयोजन किया गया था, जहाँ मुख्य अतिथि को निराला के 'छंद' से ज्यादा अपनी 'साख' और आयोजकों के 'धंधे' से सरोकार था। लब्बोलुआब यही है कि मुख्य अतिथि का चयन उसके रुतबे के वजन को देखकर किया जाता है। मंच के केंद्र में विराजमान मुख्य अतिथि महोदय की शारीरिक मुद्रा किसी मध्ययुगीन सम्राट से कम नहीं लग रही थी। उन्होंने एक पैर पर दूसरा पैर इस तरह से चढ़ा रखा था मानो पूरी दुनिया का भूगोल उनके एक घुटने के नीचे दबा हो। उनके चेहरे पर छाई गंभीर रहस्यमयी मुस्कान को देखकर नीचे बैठे श्रोता भ्रम में थे कि वे कविता की गहराई समझ रहे हैं या फिर मन ही मन रात के भोजन के मेनू का हिसाब लगा रहे हैं। वे बार-बार अपने कुर्ते की आस्तीन को ऊपर चढ़ाते और सामने खड़े कैमरामैन को तिरछी नजरों से देखकर एक ऐसी फोटोजेनिक मुद्रा धारण कर लेते जिसे देखकर अच्छे-अच्छे अभिनेता भी पानी भरने लगें। उनकी आँखों में एक ऐसा आत्मसंतोष तैर रहा था जो केवल उसी व्यक्ति के चेहरे पर आ सकता है जिसने जीवन में कभी किसी पुस्तक के दो पन्ने लगातार पलटने का कष्ट न उठाया हो। जब भी कोई वक्ता मंच पर निराला जी के छंदों की विवेचना करता तो मुख्य अतिथि महोदय इस तरह से अपना सिर हिलाते मानो निराला जी रोज सुबह उनके घर आकर अपनी कविता का पहला ड्राफ्ट उन्हें सुनाते थे और उनसे हरी झंडी मिलने के बाद ही उसे छपने के लिए भेजते थे।

## विचार

# जसपाल राणा - अभी तो बहुत काम बाकी था

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारतीय** निशानेबाजी के महारथी और कोच जसपाल राणा के असामयिक निधन से सभी ओर शोक व्याप्त है। मात्र 49 वर्ष में चले जाना निश्चय ही हृदय विदारक है। देश के लिए अपूरणीय क्षति है। जसपाल निशानेबाजी के ऐसे पुरोधा थे जिन्होंने कॉमनवेल्थ खेलों में 15 पदक जीतकर भारत का मान बढ़ाया, स्वयं एशियाई खेलों और ओलपिंक में देश का प्रतिनिधित्व करने के बाद नई पीढ़ी को तैयार करने में जुट गए। इस समय वे युवा निशानेबाज मनु भाकर के गुरु थे। जसपाल राणा को अर्जुन पुरस्कार, पद्मश्री और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वह भारतीय खेल इतिहास के सबसे चमकदार व होनहार निशानेबाज थे। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में जन्मे जसपाल राणा को उनके पिता नारायण सिंह राणा ने बीएसएफ अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित करवाया था।12 वर्षीय राणा ने अहमदाबाद में 31वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप से राष्ट्रीय निशानेबाजी में पदार्पण किया था। तब किसी ने यह नहीं सोचा था कि एक दिन यह छोटा बालक इतना करिश्माई निकलेगा। जसपाल ने आरम्भ में पिस्टल और राइफल दोनों से अभ्यास किया किंतु बाद में फेडरेशन ने एक इवेंट के लिए एक ही शूटर को चुनने का नियम लागू किया जिसके बाद उन्होंने पिस्टल शूटिंग को चुना। जसपाल 12 वर्ष की आयु तक आते आते राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने लगे थे। उन्होंने 1988 में 12 वर्ष की अवस्था में ही 31वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीत लिया था। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ खेलों और एशियाई खेलों को मिलाकर कुल 23 पदक अपने नाम किए थे। जसपाल ने एशियाई खेलों में चार स्वर्ण पदक, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते वहीं राष्ट्रमंडल खेलों में नौ स्वर्ण, चार रजत व दो कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। एशियाई चैंपियनशिप में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जसपाल ने कई अंतरराष्ट्रीय स्पधाओं में अद्भुत व शानदार प्रदर्शन कर भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा किया। 1994 मिलान विश्व शूटिंग चैंपियनशिप में उनकी जीत यादगार रही।

उन्होंने यह जीत दर्द से कराहते हुए प्राप्त की थी। प्रतियोगिता से एक दिन पहले उन्हें घुटने में फोड़ा हो गया था और डाक्टरो ने उन्हें सर्जरी की सलाह देकर अस्पताल से छुट्टी देने से मनाकर दिया था किंतु उन्होंने राष्ट्रप्रथम की भावना को ध्यान में रखा और डॉक्टरों की सलाह को दरकिनार करते हुए प्रतियोगिता मे भाग लेने का निश्चय किया किंतुअस्पताल से निकलने के बाद उसी रात फोड़ा फूट गया और उनका दर्द बढ़ गया। वे अपनी जींस तक नहीं उतार पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने जीन्स को फाड़कर ही हाफ पैंट बनाई और उसे पहनकर ही अगली सुबह प्रतियोगिता में उतरे। राणा ने असहनीय दर्द में मैच खेला और जूनियर कैटेगरी में विश्व रिकार्ड के साथ अपना पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ष उन्होंने हिरोशिमा एशियाई खेलों में भी स्वर्ण पदक जीता था। 1994 में हिरोशिमा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद जसपाल को इसी वर्ष मात्र 18 वर्ष की अवस्था में अर्जुन पुरस्कार मिला।

जसपाल राणा का जीवन खेल व राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। वह हर बार रेंज पर उतरते समय देश का गौरव अपने साथ लेकर चलते थे। एक खिलाड़ी के रूप में तो उनका कैरियर शानदार रहा। दूसरी पारी में वह एक अच्छे प्रशिक्षक बने। उनके मार्गदर्शन में मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीते। उन्होंने सौरभ चौधरी, अनीश भानवाला और चिंकी यादव सहित कई अन्य निशानेबाजो के कैरियर को संवारने में अहम भूमिका निभाई । जसपाल राणा की उपलब्धियों ने देश को खुशी से झुमने का अवसर दिया। अगली पीढ़ी को गढ़ा। उनकी लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तराखंड के लोकप्रिय गीतकार नरेंद्र सिंह नेगी ने जसपाल के नाम से वर्ष 1999 में एक गीत बनाया था। मात्र 49 वर्ष की अवस्था में जसपाल का जाना एक शून्य उत्पन्न कर गया है। अभी तो बहुत कुछ करना था जसपाल.....इतनी जल्दी क्यों की जाने की ?

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# क्यों मनाया जाता है विश्व रक्तदान दिवस और क्या हैं इसके फायदे ?

**सुनील कुमार महला**

**विश्व** रक्तदान दिवस हर वर्ष 14 जून को मनाया जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में रक्त का दान करता है तो यह मानवता के हित में सबसे बड़ा काम है, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार हमारे देश की आबादी का केवल 37 प्रतिशत लोग ही रक्तदान करने योग्य हैं, लेकिन उनमें से भी 10 प्रतिशत से भी कम लोग हर साल ब्लड डोनेट करते हैं। पाठकों को जानकारी प्राप्त करके आश्चर्य होगा कि दुनिया भर में हर वर्ष लगभग 11.85 करोड़ (118.5 मिलियन) यूनिट रक्तदान एकत्र किया जाता है तथा विश्व के कुल रक्तदान का 40% हिस्सा उच्च आय वाले देशों से आता है, जबकि वहां दुनिया की केवल 16% आबादी रहती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक यूनिट रक्त को विभिन्न घटकों में विभाजित करके तीन लोगों तक की जान बचाई जा सकती है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार निम्न आय वाले देशों में दिए जाने वाले रक्त का 54% हिस्सा 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को चढ़ाया जाता है तथा उच्च आय वाले देशों में रक्त प्राप्त करने वालों में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग लगभग 76% हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2008 से 2018 के बीच स्वैच्छिक रक्तदाताओं से प्राप्त रक्तदान में 1.07 करोड़ (10.7 मिलियन) यूनिट की वृद्धि दर्ज की गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दुनिया के 79 देशों में 90% से अधिक रक्त आपूर्ति स्वैच्छिक और निःशुल्क रक्तदाताओं से प्राप्त होती है, जबकि 54 देशों में अब भी आधे से अधिक रक्त परिवार या भुगतान वाले दाताओं से आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रसव के दौरान या बाद में हर वर्ष लगभग 1.4 करोड़ (14 मिलियन) महिलाएं अत्यधिक रक्तस्राव का सामना करती हैं, जिनके लिए समय पर रक्त उपलब्ध होना जीवनरक्षक साबित होता है। भारत में विभिन्न आकलनों के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग 10 लाख यूनिट रक्त की कमी बनी रहती है, जिसके कारण नियमित स्वैच्छिक रक्तदान का महत्व और बढ़ जाता है। रोचक तथ्य है कि यदि किसी देश की केवल 1% आबादी नियमित रूप से रक्तदान करे, तो अधिकांश देशों की रक्त आवश्यकता पूरी हो सकती है।

# जेन-जी को भड़काने का षड्यंत्र-परदे के पीछे कौन ?

डॉ. प्रियंका सौरभ

आज का युग सूचना और संचार का युग है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने विचारों के आदान-प्रदान को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। एक समय था जब जनमत बनाने का काम अखबारों, पत्रिकाओं और टेलीविजन तक सीमित था, लेकिन अब एक साधारण मोबाइल फोन और इंटरनेट कनेक्शन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति लाखों लोगों तक अपनी बात पहुँचा सकता है। इस परिवर्तन ने लोकतांत्रिक संवाद को नई शक्ति दी है, परंतु इसके साथ ही नई चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं। इन्हीं चुनौतियों के बीच कुछ नए शब्द और अवधारणाएँ जन्म लेती हैं जो धीरे-धीरे सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बन जाती हैं। हाल के वर्षों में ₹कोकरोच पार्टी₹ ऐसा ही एक शब्द बनकर उभरा है, जिसने सोशल मीडिया की भाषा में अपनी जगह बना ली है।

यह शब्द किसी औपचारिक राजनीतिक दल का नाम नहीं है, बल्कि एक प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति के रूप में प्रयुक्त होता है। इसका उपयोग उन समूहों, अभियानों या ऑनलाइन गतिविधियों के लिए किया जाता है जो अचानक किसी मुद्दे को लेकर अत्यधिक शोर-शराबा पैदा करते दिखाई देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली पोस्ट, मीम, वीडियो और ट्रेंडिंग हैशटैग अक्सर इस शब्द के साथ जोड़े जाते हैं। कई लोग इसे एक संगठित डिजिटल अभियान का हिस्सा मानते हैं, जबकि कुछ इसे केवल सामाजिक और राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का स्वाभाविक परिणाम समझते हैं। यही कारण है कि इस विषय पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता महसूस होती है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि सोशल मीडिया का कार्य करने का तरीका पारंपरिक मीडिया से भिन्न है। यहाँ किसी भी सामग्री की सफलता उसके तथ्यात्मक मूल्य से अधिक उसके भावनात्मक प्रभाव पर निर्भर करती है। यदि कोई पोस्ट लोगों को क्रोधित, भयभीत, उत्साहित या भावुक कर देती है तो उसके वायरल होने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। यही कारण है कि

## न्यूज फ्लैश

## अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत 8 प्रशिक्षण कार्यक्रम किए गए आयोजितः डा. अमित पुंज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल**। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला करनाल में विभिन्न भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।
आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि आज जिला करनाल के सभी ब्लॉकों में अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत 8 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न ब्लॉकों में कुल 8 स्थानों पर कार्यक्रम हुए, जिनमें सरपंच, पंच, ग्रामवासी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित कुल 1422 लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर योग के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए इन स्थानों पर 349 पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि विश्व रिकॉर्ड लाइव योग अभ्यास कार्यक्रम 14 जून को आयोजित होगा। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा एक अनूठी पहल के तहत एक साथ सबसे बड़ी संख्या में लाइव योग अभ्यास का विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है।
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नितिन रोहिला ने बताया कि जिला करनाल में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए 15 जून को एक विशाल योग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 6 बजे योग मैराथन शुरू होगी। इस मैराथन का रूट एनडीआरआई चौक से गीता द्वार तक रहेगा। जिला कार्यक्रम संयोजक पूजा ने शिक्षा विभाग, खेल विभाग तथा जिला करनाल के सभी अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडि?ों सभी योग संस्थाओं, योग साधकों तथा समस्त करनाल वासियों से इस योग मैराथन में बढ़-चढकर भाग लेने की विशेष अपील की।

## लाड़वा शहर में आवारा घोड़ों का बढ़ता प्रकोप बनी एक गंभीर समस्या

**लाड़वा 13 जून (विजय कौशिक)** : लाडवा शहर में आवारा घोड़ों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। ये जानकारी लाड़वा के समाजसेवी एवं एडवोकेट योद्धराज बंसल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास जो कि लाड़वा पालिका बाजार (पुराने थाना के नजदीक) में हर रोज 4-5 घोड़े घूमते फिरते हैं।जिसके कारण अक्सर हादसे व दुर्घटना होती रहती है। लोग घोड़ों को व्यावसायिक उपयोग के बाद लावारिस छोड़ देते हैं। जब इनका कोई मालिक नहीं होता, तो प्रशासन के लिए किसी एक व्यक्ति पर जुमार्ना लगाना मुश्किल हो जाता है।उन्होंने कहा कि आवारा घोड़े अक्सर झुंड में सड़कों के बीच या मुख्य चौराहों पर घूमते हैं, जिससे भीषण सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।
आक्रामक व्यवहारः भूखे और डरे हुए आवारा घोड़े राहगीरों या वाहन चालकों पर हमला भी कर देते हैं, जिससे गंभीर चोटें आने का खतरा रहता है।
माइक्रोचिपिंगः पशु अधिकारों की वकालत करने वालों का मानना है कि घोड़ों की माइक्रोचिपिंग अनिवार्य होनी चाहिए, ताकि उनके मालिकों का पता लगाकर उन पर भारी जुमार्ना लगाया जा सके।
सरकारी आश्रयः नगर निकायों को आवारा घोड़ों को सुरक्षित रखने के लिए विशेष अस्तबल या पशु बाड़े बनाने की आवश्यकता है।
लाड़वा में पालतू घोड़े सड़कों पर घूम रहे हैं और नगरपालिका इन पालतू घोड़ों के मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करने में असमर्थ नजर आ रही है। आमजन हर समय इन घोड़ों, गायों व सांडों के कारण परेशान हैं। यह पालतू घोड़े जो सड़कों पर आवारा घूम रहे हैं वह कई लोगों को चोटिल कर चुके हैं। लाड़वा निवासी शिव कुमार , प्रदीप कुमार, देवेन्द्र सिंह, सतीश कुमार का कहना है कि शहर में दर्जनों की संख्या में आवारा घोड़े हर समय घूमते रहते हैं।
लोगों का कहना है कि यह समस्या शहर में काफी पुरानी है और इसको लेकर नगरपालिका में गुहार लगा चुके हैं।
लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# हरविंद्र कल्याण ने अफसरों को दिए समस्याओं के तुरंत निपटारे के निर्देश

**जनसुनवाई**

हरविंद्र कल्याण ने तीन घंटे से अधिक समय तक लोगों की समस्याओं को सुना



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज जन सुनवाई के नियमित कार्यक्रम के तहत घरौंडा के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निपटारे के निर्देश दिए।अधिकतर समस्याएं रास्ते व चौपालों का निर्माण कराने, बिजली की तारें ऊपर उठवाने, तालाबों से गंदे पानी की निकासी आदि से संबंधित थीं।
आज बड़ी संख्या में घरौंडा क्षेत्र व बाहर से लोग समस्याओं व मांगों को लेकर रेस्ट हाउस पहुंचे। हरविंद्र कल्याण ने तीन घंटे से अधिक समय तक लोगों की समस्याओं को सुना। इनमें कुछ समस्याएं निजी तो कुछ सामूहिक एवं विकास कार्यों से जुड़ी थीं। विधानसभा अध्यक्ष का हर कार्यक्रम में अधिकाधिक समस्याओं के निदान का प्रयास रहता है।
उन्होंने कहा कि विकास संबंधी कामों को भी योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। उनका पूरा प्रयास है कि जनहित से जुड़ी हर जायज मांग को पूरा किया जाए। लोगों को छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर चक्कर न काटने पड़ें। इस मौके पर हसनपुर के लोगों ने गोवर्धन प्लांट प्रोजेक्ट के कार्य को पूरा कराने, सामान्य वर्ग की चौपाल का कार्य शुरू करवाने, फुरलक वासियों ने सैनी चौपाल, पंचायत घर, खेल ग्राउंड, जोहड़ का नवीनीकरण, 100 वर्ग गज के प्लॉटों से रिफाइनरी की पाइप लाइन गुजरने के कारण निर्माण न होने की समस्या के समाधान की मांग की। इसी प्रकार ग्रामीणों ने दीक्षित अवार्ड के तहत मंगलौरा में उत्तर प्रदेश से तब्दील हुई जमीन का रिकॉर्ड हरियाणा में दर्ज करवाने, अलीपुर खालसा सडक से 220 केवी की तारें ऊपर उठवाने की मांग की, ताकि बड़े वाहनों के आवागमन में कोई समस्या न आए।
लोगों ने हरविंद्र कल्याण से गोपी वाली गामडी में गंदे नाले पर निगम द्वारा पुलिया का निर्माण कराने, बेगमपुर में रविदास भवन का कार्य पूरा कराने, शेखपुरा खालसा में खेतों का रास्ता, अम्बेडकर भवन और कोहंड से आई बिजली की तारें ऊपर उठाने का अनुरोध किया।

## साहा इंडस्ट्रियल सेंटर में आगजनी की घटना का जायजा लेने पहुंचे विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**ः हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इफ्रास्ट्रक्चर डिवेल्पमेंट (एचएसआईआईडीसी) के एमडी को साहा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में तुरंत प्रभाव से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी खड़ी करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। विज साहा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर स्थित ग्लासवेयर फैक्टरी में कल लगी आग की घटना का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे जहां उन्हें इंडस्ट्रियल एरिया में कोई फायर ब्रिगेड गाड़ी की तैनाती नहीं होने की जानकारी मिली थी। विज ने एचएसआईआईडीसी के एमडी से कहा कि ह्लयहां तुरंत प्रभाव से कहीं से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी लाकर खड़ी की जाए ताकि आपात समय में तुरंत कार्रवाई की जा सकेह्व। उन्होंने यह भी कहा कि गाड़ी में पानी भरने के लिए पानी का बोर भी करवाया जाए।
वहीं, मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि साहा इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर में 300 के लगभग यूनिट है और काफी लेबर काम करती है। यहां कल एक फैक्टरी में आग लग गई थी। उन्होंने आज देखा व पाया कि फैक्टरी पूरी तरह से जल चुकी है। उनकी जानकारी में आया है कि यहां पर फायर ब्रिगेड नहीं है और उन्होंने इस मामले में एमडी से बात की है ताकि यहां पर फायर ब्रिगेड खड़ी की जाए और पानी के लिए बोर करवाया जाए। यहां फायर ब्रिगेड खड़ी करने के लिए जगह है और फायर ब्रिगेड का इंतजाम यहां होना जरूरी है।

## दुकान से इन्वर्टर बैट्री चोरी करने का आरोपी गिरफ़्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 13,जून (विजय कौशिक)** : कुरुक्षेत्र पुलिस में दुकान से बैटरी वह इनवर्टर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन के कुशल मार्गदर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा लाडवा की टीम ने दुकान से इनवर्टर और बैटरी चोरी करने के आरोपी देशराज उर्फ राजू उर्फ छोटा वासी बदरपुर जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 जून को पुलिस को दी अपनी शिकायत में विक्रम कुमार वासी बदरपुर जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसकी हिनौरी रोड लाडवा पर दुकान है।

## महिला सशक्तिकरण को मिलेगा नया आयाम : रेणु बाला गुप्ता

**शुभकामनाएं**

हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त होने पर उषा प्रियदर्शी को दी हार्दिक बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नियुक्त होने पर उषा प्रियदर्शी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति महिला सशक्तिकरण एवं महिला हितों की रक्षा के प्रति हरियाणा सरकार की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण कदम है।महापौर रेणु बाला गुप्ता ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उषा प्रियदर्शी के कुशल नेतृत्व, प्रशासनिक अनुभव और समाज सेवा के प्रति समर्पण से प्रदेश में महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण, नारी सम्मान तथा सुरक्षा से जुड़े प्रयासों को नई दिशा और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग समाज में महिलाओं की आवाज को सशक्त बनाने और उन्हें न्याय दिलाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है।
महापौर ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्हें पूर्ण विश्वास है कि उषा प्रियदर्शी अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए महिलाओं के उत्थान एवं कल्याण के लिए प्रभावी पहल करेंगी।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि हरियाणा की मातृशक्ति को न्याय, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की ओर अग्रसर करने में उनका अनुभव और नेतृत्व महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने उनके सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की कामना करते हुए पुनः शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री के वादे को ठेंगा दिखा रहे प्रशासनिक अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 13 जून (विजय कौशिक)** : अनुबंधित विधुत कर्मचारी संघ हरियाणा के लाडवा सब डिवीजन के प्रधान मनजीत सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के किए गए वायदों के अनुसार 15 जून तक ऑफर लेटर न मिलने, ऌढक्ऋछ समझौते को लागू न करने और वेतन वृद्धि न होने से हरियाणा के बिजली व अनुबंधित कर्मचारियों में भारी रोष है । उन्होंने कहा कि जोखिम भरे काम के बावजूद रिस्क अलाउंस, मेडिकल अलाउंस और डेथ क्लेम की राशि न बढ़ाना कर्मचारियों के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के श्रमिक सम्मान समारोह में स्वयं माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने मंच के माध्यम से प्रदेश के अनुबंधित कर्मचारियों को विश्वास दिलाया था कि 15 जून 2026 तक सभी को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए जाएंगे। लेकिन धरातल पर प्रशासनिक अधिकारियों की सुस्ती और नकारात्मक रवैये को देखकर ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा कि 15 जून तक यह काम संभव हो पाएगा। अधिकारियों का यह ढुलमुल रवैया सीधे तौर पर मुख्यमंत्री के आदेशों और वादों को ठेंगा दिखाने जैसा है।

## वेद प्रचार मंडल, लाडवा इकाई द्वारा आयोजित बैठक में समाज को जागरुक करने पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 13, जून (विजय कौशिक)** : आज वेद प्रचार मंडल, लाडवा इकाई द्वारा यज्ञशाला, हिन्दू उच्च विद्यालय, लाड़वा में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का प्रारंभ अग्निहोत्र से किया गया जिसमें यजमान के रूप में मंडल मंत्री अरविंद सिंहल ने आहुति प्रदान की। यज्ञ का संचालन पुरोहित विक्रमादित्य द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज द्वारा की गयी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वेद प्रचार मंडल के जिला अध्यक्ष मोहन लाल धमार्चार्य उपस्थित रहे। बैठक में वैदिक संस्कृति के प्रचार-प्रसार और लोगों की धर्म के प्रति आस्था को सुदृढ़ करने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि समाज को नैतिकता, एकता और सदाचार की दिशा देने वाले मार्गदर्शक हैं। वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की शक्ति से ही वैदिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक जाकर लोगों को वेदों के महत्व से अवगत कराएं और मंडल से जोड़ें। बैठक में मंडल जिला प्रधान मोहनलाल धमार्चार्य ने मंडल की आगामी गतिविधियों पर विचार प्रस्तुत किया। तय किया गया कि आगामी महीनों में वैदिक प्रवचन, यज्ञ-हवन, संस्कार शिविर और युवाओं के लिए वैदिक शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ा जा सके। बैठक के अंत में मंडल की गतिविधियों को तेज करने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।
इस अवसर पर स्वामी सच्चिदानंद, आचार्य मोहन लाल, गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान श्री राज कुमार गर्ग, आर्य समाज लाडवा के प्रधान श्री अनिल गोयल व वेद प्रचार में अपना विशेष योगदान देने वाले श्री रविंदर बंसल को सम्मानित किया गया।

## पर्यावरण संदेश को घर-घर पहुंचाने के लिए प्रेरणादायक है पौधारोपण अभियान : लाठर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल**। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने उधम सिंह पार्क में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधानसभा में चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक राम कुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, सांसद प्रतिनिधि कविंदर राणा, मंडल अध्यक्ष एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने हेतु यह अभियान प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने और विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत देशभर में लाखों पौधे लगाए जा रहे हैं।

## डंपर ने बाइक सवार को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल**। जिले की पश्चिमी यमुना नहर पर एक दर्दनाक सडक हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति अपनी भतीजी की शादी का कार्ड देकर रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी और कुचल दिया। हादसे के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोच्युरी हाउस भिजवाया।
मृतक की पहचान मदन के रूप में हुई है, जो जुंडला गांव का रहने वाला था।

## नीलोखेड़ी में चौतांग पर दृषद्वती घाट विकसित करने का प्रस्ताव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। प्राचीन सरस्वती नदी को पुनः धरातल पर पुनर्जीवित करने के अभियान में जुटा हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड अब शास्त्रों में सरस्वती की प्रमुख सहयोगी नदी के रूप में वर्णित दृषद्वती के अवशेषों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी कार्य करेगा।



हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निमंत्रण पर हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुम्मन सिंह किरमच ने संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान के साथ प्राचीन दृषद्वती के वर्तमान स्वरूप मानी जाने वाली चौतांग नदी के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। हिमालय क्षेत्र से निकलने वाली यह बरसाती नदी करनाल जिले के नीलोखेड़ी, तरावड़ी और निसिंग क्षेत्रों से होकर गुजरती रही है।
दल ने इन्द्री क्षेत्र के कलसी गांव में स्थित उस स्थान का भी निरीक्षण किया, जिसे स्थानीय परंपराओं में राक्षी और दृषद्वती के संगम स्थल के रूप में जाना जाता है। निरीक्षण के उपरांत धुम्मन सिंह किरमच और डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि ग्रामीण लोककथाओं और ऐतिहासिक संदर्भों में चौतांग, चतंग अथवा चेतंग नाम से विद्यमान यह बरसाती धारा वस्तुतः प्राचीन दृषद्वती नदी का ही अवशेष स्वरूप प्रतीत होती है।
उन्होंने बताया कि नीलोखेड़ी नगर से होकर गुजरने वाले चौतांग नदी के हिस्से का व्यापक कायाकल्प कर उसे दृषद्वती घाट के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इस परियोजना के माध्यम से न केवल क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सकेगा, बल्कि इसे पर्यटन एवं जन-जागरूकता का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी बनाया जा सकेगा।
धुम्मन सिंह किरमच और डॉ.चौहान ने बताया कि इस कार्य को हरियाणा सरस्वती विरासत विकास बोर्ड, नगर पालिका नीलोखेड़ी तथा सिंचाई विभाग के संयुक्त सहयोग से आगे बढ़ाया जा सकता है।

## हर्बल पार्क में पौधारोपण कर, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला**ः केन्द्र सरकार की 12 साल की उपलब्धियों के दृष्टिगत हर्बल पार्क अम्बाला शहर में वन विभाग द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की वहीं वशिष्ठ अतिथि के तौर पर मेयर अक्षिता सैनी उपस्थित रही। इस मौके पर पूर्व मंत्री असीम गोयल व मेयर अक्षिता सैनी ने पौधारोपण कर सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इससे पहले उनका यहां पहुंचने पर हर्बल पार्क वैल्फेयर सोसायटी ने पर्यावरण का प्रतीक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया।



पूर्व मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने इस मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में देश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उनका 12 साल का समय सेवाकाल का है तथा सेवाभाव से उन्होने सभी को साथ लेकर देश को उन्नति के पथ की ओर ले जाने का काम किया है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भारत में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, वैश्विक स्थिति मजबूत हुई है, सामरिक दृष्टि से भारत आगे बढ रहा है, नए भारत का सृजन हो रहा है।
उन्होने इस मौके पर यह भी कहा कि इन 12 सालों में लोगों का विश्वास जीतने का काम किया है। पूर्व मंत्री ने इस मौके पर पौधारोपण भी किया और कहा कि पेड़ लगाना जहां अति महत्वपूर्ण है वहीं उसको जीवित रखना भी जरूरी है।
उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम संकल्प अभियान का शुभारम्भ किया है और इस संकल्प के तहत हमें एक पेड़ अपनी मां के नाम से अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर मेयर अक्षिता सैनी ने भी पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने बारे लोगों को प्रेरित किया और कहा कि हम सबका दायित्व बनता है कि हमें जहां अधिक से अधिक पौधे लगाने है वहीं उनका संरक्षण भी करना है।
इस मौके पर मेयर अक्षिता सैनी, उप वन संरक्षक नरेश रंगा, पार्षद गुरविन्द्र सिंह मानकपुर, पार्षद राजेश मेहता, पार्षद हितेष जैन, कमल गुप्ता, वरिन्द्र नाथ, संजीव गोयल टोनी, अरविंद अग्रवाल, रितेश गोयल, विशाल बत्रा, अभिषेक सहोता, मुकेश कुमार, निंकुज अजय चावला, आशु सैनी, हर्बल पार्क सोसायटी से वालिया जी, जे.एस. नैन, जय गोपाल के साथ-साथ वन विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डीसी ने किया नालों की सफाई के कार्यों का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। डीसी डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने बरसाती सीजन के मद्देनजर शनिवार को करनाल शहर में चल रहे नालों की सफाई के कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह बरसात शुरू होने से पहले पहले सभी नालों की सफाई का कार्य 30 जून से पहले-पहले पूरा करवाया जाए।




डीसी आनंद कुमार शर्मा ने अपने दौरे के दौरान सबसे पहले मुगल कैनाल का निरीक्षण किया और वहां चल रहे कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों ने डीसी को जानकारी दी की मुगल कैनाल की सफाई का कार्य आगामी एक सप्ताह तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद डीसी ने रामनगर नाले का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी नालों की सफाई का कार्य आगामी 30 जून से पहले पहले हर संभव पूरा करवाया जाए। यह नाला रामनगर से लेकर शहर के बीचों बीच से गुजरते हुए जीटी रोड 44 राष्ट्रीय राजमार्ग तक जाता है। इस मौके पर नगर निगम के अधीक्षक अभियंता पुनीत नरवाल और कार्यकारी अभियंता मोनिका शर्मा, जेई गौरव कुमार, जेई रवि कुमार, सुपरवाइजर रामनिवास सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## डिकाडला निवासी तीन दोस्तों की स्कॉर्पियों से कुचलकर हत्या करने का एक आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 13 जून (बिजेंद्र सिंह)**। डिकाडला गांव निवासी तीन दोस्तों की स्कॉर्पियों से कुचलकर हत्या करने के एक आरोपी को सीआईए वन पुलिस ने शुक्रवार देर शाम समालखा क्षेत्र में पट्टीकल्याणा रोड से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान डिकाडला निवासी मनीष के रूप में हुई है। डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया की एसपी भूपेंद्र सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए वन टीम को जांच सौंपी थी। पुलिस टीम ने अपने सभी सोर्स एक्टिव कर शुक्रवार देर शाम आरोपी डिकाडला निवासी मनीष को पट्टीकल्याणा रोड से गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने अपने कई अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर रंजिशन स्कार्पियों से कुचलकर हत्या करने की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 10 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करने के साथ ही फरार आरोपियों के ठीकानों को पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।
बता दे कि थाना समालखा में डिकाडला निवासी विरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वे पांच भाई है। 10 जून को रात करीब 9 बजे वह अपने छोटे भाई जितेंद्र के साथ समालखा में अपने हॉस्पिटल में था। तभी उनके पड़ोसी ने फोन कर सूचना दी की उसके भाई नरेंद्र व उसके दोस्त विनोद व अनीप पर जानलेवा हमला कर दिया है। तीनों को काफी चोटे आई है और उनकी हालत गंभीर है। वह भाई जितेंद्र व दोस्त प्रवीन के साथ गांव के लिए निकल लिया। वे तीनों गाड़ी से टी रोड पर पहुचें तो गांव निवासी कुछ युवक गांड़ी से नरेंद्र को लेकर आए। उसको देखकर गाड़ी रोक ली औ वह उसी गाड़ी में बैठ गया। नरेंद्र, विनोद व अनीप को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए जहा डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। विरेंद्र ने शिकायत में बताया कि रास्ते में उसके भाई नरेंद्र ने बताया था गांव निवासी मनीष, संदीप, रविंद्र, नवीन, तुषार, सचिन, नीरज, राजबीर व आटा निवासी सूरज ने मिलकर पुरानी रंजिश रखते हुए गाड़ी से कुचलकर टक्कर मारी। मनीष माइनिंग का काम करता है। कुछ महीने पहले उसका ट्रैक्टर ट्राली माइनिंग में जब्त हुआ था। मनीष इसका शक नरेंद्र पर करता था। इसी की रंजिश रखते हुए मनीष ने अपने उक्त साथी आरोपियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया।

# अपहृत 12 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने 11 घंटों में किया सकुशल बरामद

### पुलिस ने महिला सहित 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में 2 बदमाश घायल,

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 13 जून (बिजेंद्र सिंह)**। हरियाणा पुलिस ने तत्परता, सटीक तकनीकी विश्लेषण और विभिन्न जिलों में बेहतर कॉर्डिनेशन स्थापित करते हुए पानीपत थर्मल की महिला एक्सईएन सुनीता के अपहत 12 वर्षीय बेटे को महज 11 घंटे में सकुशल बरामद कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने डेढ़ करोड़ रु की फिरौती मांगने के साथ-साथ पुलिस को यूपी की ओर गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा पुलिस की तकनीकी एवं फील्ड टीमों ने सुझबूझ दिखाते हुए रोहतक से एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हो गए, जिन्हें ईलाज के लिए पीआई रोहतक में भर्ती कराया गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इस मामले की मॉनिटरिंग कर रहे थे और पल पल की सूचना उनको दी जा रही थी। एक्सईएन सुनीता ने एसपी पानीपत भूपेंद्र सिंह सहित पुलिस का आभार जताया।

**काबू**

**पुलिस की टीमों ने सुझबूझ दिखाते हुए रोहतक से एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया**

**डीपी अजय सिंघल ने पुलिस टीम को दी बधाई, 1 लाख रुपये ईनाम देने की घोषणा की**
डीपी अजय सिंघल ने इस सफल अभियान के लिए पूरी पुलिस टीम को बधाई देते हुए कहा कि बच्चे की सकुशल बरामदगी हरियाणा पुलिस की तत्परता, तकनीकी दक्षता, समर्पण एवं कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण है। आरोपियों ने परिजनों से डेढ़ करोड़ रुपये की फिरौती मांगते हुए पुलिस को उत्तर प्रदेश की ओर गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की तकनीकी एवं फील्ड



टीमों ने सूझबूझ और बेहतर समन्वय रखते हुए उनकी वास्तविक लोकेशन पता लगाई और रोहतक क्षेत्र से काबू किया।
इस ऑपरेशन में पानीपत, रोहतक तथा अन्य जिलों की पुलिस इकाइयों, सीआईए टीमों, तकनीकी शाखा, साइबर एवं सर्विलांस टीमों ने एकजुटता से काम किया। उन्होंने इस अभियान में शामिल सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार तथा प्रशंसा पत्र देने की घोषणा की।

**एसपी पानीपत भूपेंद्र सिंह ने दी जानकारी**
एसपी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 10.30 बजे 12 वर्षीय लडके के अपहरण की सूचना मिली थी। अपहरणकर्ताओंने परिजनों से डेढ़ करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी।
मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जिम्मेदारी सीआईए-2 को सौंपी। आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से बच्चे को यूपी ले जाने की बात कही। लेकिन शनिवार सुबह करीब 9.30 बजे रोहतक क्षेत्र से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस जब आरोपियों तक पहुंची तो बदमाशों ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए। एक महिला और दोनों घायल आरोपियों को काबू कर लिया।

# कैथल : मुठभेड़ के बाद 3 बदमाश काबू, एक फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल**। जिले में आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को काबू कर लिया, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में कई घंटों तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया।
डीएसपी सुशील प्रकाश ने शनिवार को बताया कि 12 जून की देर रात पुलिस को सूचना मिली कि हथियारों से लैस चार युवक कलायत क्षेत्र के एक होटल में लूटपाट का प्रयास कर चुके हैं। इसके बाद उन्होंने कैथल शहर में एक युवक से पिस्तौल की नोक पर स्कूटी और नकदी भी छीन ली। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने विभिन्न टीमों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट, सीआईए-1, एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ और कलायत पुलिस की संयुक्त टीमों ने भैणी माजरा शुगर मिल के पास स्कूटी सवार चार युवकों को घेर लिया और आत्मसमर्पण करने को कहा। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी और अलग-अलग दिशाओं में भागने लगे।

**सर्च ऑपरेशन**

**पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में कई घंटों तक सघन सर्च ऑपरेशन चलाया**

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान द जिले के गांव खांडा खेड़ी निवासी साहिल और अंकित तथा हिसार जिले के मिरपुर निवासी अशोक उर्फ गोलू के रूप में हुई है। मुठभेड़ के दौरान तीनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पुलिस ने भैणी और शुगर मिल कॉलोनी क्षेत्र में कई घंटों तक सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन एक आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस का कहना है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने कलायत की घटना से पहले अग्रोहा में एक दुकान से करीब 40 हजार रुपये की लूट की थी।

## तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपमंडल अधिकारी योगेश सैनी आईएएस के दिशा-निर्देशन में राजकीय महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन अवसर पर विद्यार्थियों को योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योग गतिविधियों एवं आसनों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रॉस इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को दैनिक वन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक शांति एवं आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का भी आह्वान किया। महाविद्यालय के योगा क्लब प्रभारी प्रो. डॉ. कैप्टन शमशेर सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न योग आसनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करवाते हुए योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया।

## 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण की नई मिसाल बना हरियाणा-शिक्षा मंत्री

**पानीपत, 13 जून (बिजेंद्र सिंह)**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष और हरियाणा में पिछले साढ़े 11 वर्षों का कार्यकाल विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण का स्वर्णिम काल रहा है। सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। आज देश और प्रदेश विकास के नए मानदंड स्थापित कर रहे हैं। यह बात शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शनिवार को केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन में पहुंचने पर उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने शिक्षा मंत्री का बुके देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप सिंह नैन, डीपीआईआरओ डॉ सुनील बसताडा के अलावा भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर



लाल ने पारदर्शी और जवाबदेह शासन व्यवस्था की मजबूत नींव रखी, जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उस व्यवस्था को और अधिक जनहितैषी, संवेदनशील तथा प्रभावी बनाते हुए विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। आज हरियाणा देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है जहां विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सीधे पात्र लोगों तक पहुंच रहा है। महिपाल ढांडा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेल, उद्योग, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास और आधारभूत ढांचे के निर्माण जैसे सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। सरकार की प्राथमिकता केवल योजनाएं बनाना नहीं बल्कि उन्हें धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है, जिससे योग्य युवाओं को बिना किसी सिफारिश और बिना किसी अतिरिक्त खर्च के अवसर प्राप्त हुए हैं। शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा, डिजिटल तकनीक, स्मार्ट कक्षाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कार्यक्रमों ने विद्यार्थियों को नई दिशा प्रदान की है।

## स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती के तृतीय स्मृति दिवस पर योगस्थली आश्रम में हुआ भव्य यज्ञ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़** । महर्षि दयानंद सरस्वती के अनन्य भक्त, यज्ञीय वन के साधक, विद्वान्ए और सरल सौम्य व्यक्तित्व के धनी श्रद्धेय स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती की तृतीय पुण्य स्मृति दिवस प यज्ञ करके उन्हें कृतज्ञता पूर्वक स्मरण किया।
इस पावन अवसर पर बहन डॉ पूर्ण प्रभा प्राचार्या विशेष रूप से उपस्थित रहीं। ब्रह्मा के आसन्न को डॉ संतोष आर्या ने सुशोभित



किया तथा पंडित भूपेन्द्र सिंह आर्य व बहन केसर आर्या द्वारा संयुक्त रूप से वेद मंत्रोंच्चारण के साथ पवित्र यज्ञ संपन्न कराया गया। यजमान के रूप में डॉ शिव शर्मा सहधर्मिणि डॉ पुष्पा शर्मा ने लोक कल्याण व विश्व शांति की भावना से आहुतियाँ दी।

**जागरूकता**

**सभी 16 संस्कारों को वैदिक रीति से कराया,योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय की**

सुभाष चंद नंबरदार ने स्वामी के वन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ ब्रह्मदेव के नाम से विख्यात महर्षि दयानंद सरस्वती से प्रभावित होकर अपना वन समाज के कार्यों मे लगा दिया और एक त्यागी, तपस्वी महात्मा बने। जिन्होंने समाज में फैल रही अनेको कुरीतियों, पाखंडों और अंधविश्वासों के खिलाफ गांव-गांव जाकर प्रचार प्रसार किया। हजारों परिवारों में जन्म दिवस संस्कार से लेकर विवाह संस्कार सभी 16 संस्कारों को वैदिक रीति से कराया,योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय की संस्थापना की।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाईः खेतों से ट्यूबवेल की केबल चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। थाना सदर की पुलिस टीम ने खेतों में लगे ट्यूबवेलों से बिजली की केबल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपित वीरेंद्र निवासी जसरापुर, तेजू सिंह की ढाणी, थाना खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनूं राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपित को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।
महेंद्रगढ़ के गांव जांट निवासी सजन सिंह ने थाना सदर में शिकायत देते हुए बताया कि नौ जून



को उसके खेत में लगे ट्यूबवेल की करीब 90 फुट बिजली की केबल चोरी हो गई थी। इसके बाद जब जांच की गई तो पता चला कि उसके आसपास के चार अन्य किसान अनिल, राजबीर, रणत और भवानी सिंह के ट्यूबवेलों से भी भारी मात्रा में केबल चोरी हुई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित काफी समय पहले यहां आया था, उसने देखा कि खेतों में बड़ी संख्या में ट्यूबवेल हैं, जिनमें महंगी कॉपर तांबा केबल लगी हुई है। आरोपित अपने घर से केबल कटर लेकर ट्रेन के जरिए महेंद्रगढ़ पहुंचा था। वह दिन के समय खेतों की रेकी करता था और रात के अंधेरे में जेरपुर, मांडोला, पाली, धोली, झाखड़ी, जाट और भूरजट जैसे आसपास के कई गांवों के खेतों से केबल काट लेता था।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एनक्यूएएस को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़**। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण की तैयारी को लेकर
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मालडा बास में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. पिंकी ने की। बैठक में उपस्वास्थ्य केंद्र रिवासा, देवास, बुचोली और बवाना क्षेत्र के स्वास्थ्य मानकों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अनुरूप करने पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. पिंकी ने कहा कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

## पानी उपलब्ध कराना सरकार की पहली जिम्मेदारी

**हांसी (दिनकर गावड़ी)**: हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने शनिवार को हांसी के चैनत गांव में पेयजल समस्या को लेकर चल रहे धरने पर पहुंचकर ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को 11 हजार रुपए की राशि भी मदद स्वरुप दी व ग्रामीणों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार से जल्द समाधान करने की मांग की।
धरनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए निशित कटारिया ने कहा कि पेयजल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा इंसानी धर्म है, जो राजधर्म से भी ऊपर है। उन्होंने कहा कि पानी और हवा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर हर नागरिक का समान अधिकार है



तथा सरकार का पहला दायित्व लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना होना चाहिए। यदि लोगों को पीने का स्वच्छ पानी भी न मिले तो यह प्रशासनिक व्यवस्था की गंभीर विफलता है। कटारिया ने

**समर्थन**

**11 हजार रुपए की राशि भी मदद स्वरुप दी व सरकार से जल्द समाधान करने की मांग की**

आंदोलन में शामिल ग्रामीणों पर दर्ज किए गए मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना उचित नहीं है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को अपनी समस्याओं और मांगों को शांतिपूर्ण ढंग से उठाने का अधिकार प्राप्त है और सरकार को उनकी बात सुननी चाहिए, न कि उन्हें दबाने का प्रयास करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि हांसी क्षेत्र के लिए पेयजल पाइपलाइन बिछाने की मांग को लेकर 36 बिरादरी के लोग एकजुट होकर धरने पर बैठे हैं, जो सामाजिक एकता और जनहित के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। यह आंदोलन किसी एक वर्ग का नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की जरूरतों और अधिकारों से जुड़ा हुआ है। भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कटारिया ने कहा कि कुछ लोग इस गंभीर मुद्दे में भी राजनीति तलाश रहे हैं, जबकि उन्हें राजनीति से ऊपर उठकर समस्या के समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

# अभिनंदनः भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का जिला यमुनानगर में अग्रवाल समाज ने भव्य स्वागत, प्रदश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

**नितिन सिंगला जगाधरी**
**यमुनानगर, 13 जून**। भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के जिला यमुनानगर आगमन पर जगाधरी अग्रवाल समाज द्वारा एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर के अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर डॉ. अर्चना गुप्ता का अभिनंदन किया।
इस अवसर मुकेश गर्ग , हरियाणा सरकार में मंत्री श्याम सिंह राणा , जिला अध्यक्ष राजेश सपरा , भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री हरियाणा कंवर पाल , विधायक घनश्याम दास , मेयर सुमन बहमनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।
आयोजित कार्यक्रम में अग्रवाल सभा रादौर, सढौरा, बिलासपुर, सरस्वती नगर, प्रताप नगर, छछरोली, बुड़िया, जठलाना तथा गुमथला सहित विभिन्न क्षेत्रों की अग्रवाल समाज की संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।
समाज के वरिष्ठ जनों, गणमान्य नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं युवा प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया।
अपने संबोधन में डॉ. अर्चना गुप्ता ने अग्रवाल समाज की सामाजिक,




आर्थिक एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि अग्रवाल समाज सदैव सेवा, शिक्षा, संस्कार एवं समाजोत्थान के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ के मूल मंत्र पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ रही है।
उन्होंने प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों तथा मुख्यमंत्री आदरणीय नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी भी उपस्थित जनसमूह को दी।

**सक्रिय भागीदारी**

**समाज के लोगों से राष्ट्रहित एवं विकास की इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया**

उन्होंने समाज के लोगों से राष्ट्रहित एवं विकास की इस यात्रा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में उपस्थित अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि समाज सदैव राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता एवं विकास के कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा संगठन और अधिक सशक्त एवं जन-जन तक पहुंचने वाला बनेगा। समारोह के दौरान समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व की प्रशंसा की तथा उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं।
कार्यक्रम का वातावरण उत्साह, सामाजिक एकता और संगठनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।
कार्यक्रम के संयोजक पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, आशीष मित्तल, पंकज मित्तल, संव गुप्ता (बिट्टा), भारत गर्ग, अश्वनी गोयल, अमित गोयल, सुरेश गर्ग, श्याम मस्कारा, आशीष गर्ग, सुशील अग्रवाल, कपिल गुप्ता, राव अग्रवाल, सीताराम मित्तल, सरपंच अक्षय अग्रवाल, सरपंच प्रवीन अग्रवाल, विपिन सिंगला, विपुल गर्ग, पुनीत बिंदल, गौरव गोयल, कृष्ण सिंगला, सुमित गुप्ता, संदीप जिंदल, राहुल मित्तल, संदीप बंसल, आकाश बंसल, पंकज गुप्ता, अरविंद सढौरा, अभिषेक मित्तल, सुरेंद्र सिंगला, अरुण मित्तल, नरेन्द्र गर्ग, विजेंद्र गर्ग, सुशील गर्ग, निशांत अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, रक्षा मित्तल, पूनम अग्रवाल, इंदू गुप्ता, नीतू सिंगला, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विकसित भारत के संकल्प के साथ जन- जन शक्तिकरण की धारा बह रही : अरुण सिंह

**स्वागत**

**देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में संगठन के प्रधान मनजीत सिंह व अमरीक सिंह ने स्वागत किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
गन्नौर । भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह का मुरथल ढाबा संगठन की तरफ से अमरीक सुखदेव ढाबा पर गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान के नेतृत्व में संगठन के प्रधान मनजीत सिंह व अमरीक सिंह ने स्वागत किया ।
इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 12 वर्ष की यात्रा की जानकारी की बुक दी, उसके लिए संगठन के पदाधिकारी ने अरुण सिंह का आभार व्यक्त किया । हां उसका तो राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्ष की यात्रा के दौरान नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण में बदलाव, युवा शक्ति, राष्ट्र निर्माण ही मिशन नई अर्थव्यवस्था, नया भारत नया विश्वास, जन जन तक डिजिटल, भारत विरासत भी विकास भी, सांस्कृतिक पूर्ण जागरण की गाथा , राष्ट्र प्रथम ही मंत्र , सामाजिक सुरक्षा का विस्तार आदि अनेक जनकल्याणकारी नीतियों बनाई है। इस मौके पर विधायक कृष्णा गहलावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, विधायक देवेंद्र कादियान, सोनीपत विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व मंत्री कविता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता मनिंदर सिंह सनी, जिला अध्यक्ष, गन्नौर मंडल अध्यक्ष अजय जैन , ढाबा संगठन के सदस्य मनीष, मनोज कुमार, दयानंद पहलवान, अंकुर लाठर नीलकंठ ढाबा, बिजेंदर पहलवान, सतीश अरोड़ा, समेत पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनने से महिला सशक्तिकरण के वादे को पूरा किया केंद्र ने: सन्नी

**उपलब्धि**

**हरियाणा में महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाना उनकी अनूठी उपलब्धि है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 13, जून (विजय कौशिक)** : भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदरणीय डॉ. अर्चना गुप्ता को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर लाड़वा से भाजपा नेताओं ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिष्ठान खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।
मनोनीत पार्षद सनी कालडा ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती अर्चना गुप्ता का नेतृत्व, संगठन के प्रति समर्पण एवं कार्यशैली निश्चित रूप से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। मनोनीत पार्षद सन्नी कालडा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता के निवास स्थान पानीपत पहुँचे जहाँ उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने महिला सशक्तिकरण के वायदे को यथार्थ किया है। उन्होंने महिलाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। हरियाणा में महिला प्रदेश अध्यक्ष बनाना उनकी अनूठी उपलब्धि है। उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश की भागडोर को संभालते हुए संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।
इस अवसर पर लाडवा से मनोनीत नगर पार्षद सनी कालडा के साथ अनिल माटा पूर्व उपप्रधान नगरपालिका लाडवा ,भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप सहगल , संजीव कुमार पार्षद ,अनिल गुप्ता मनोनीत पार्षद और अन्य मौजूद रहे

**न्यूज फ्लैश**

## मुख्यमंत्री ने लाडवा विधानसभा के गांव रामशरण माजरा में राजकीय कॉलेज खोलने की मांग को पुरा कर इस क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है: सुमन सैनी



**बाबैन, 13 जून (विजय कौशिक)** हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के गांव रामशरण माजरा के लोगों की गांव में राजकीय कॉलेज खोलने की मांग को पुरा कर इस क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि गांव रामसरन माजरा में खुले सरकारी कालेज में इसी सत्र से बीए व बीकॉम कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसकी ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जून है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों ने इस साल 12वीं कक्षा पास की है वे बच्चे रामसरन माजरा के सरकारी कॉलेज में अपना दाखिला ले सकते है। उन्होंने कहा कि सरकारी कॉलेज का इसी सत्र से शुरू होना युवाओं खास कर लड़कियों के लिए एक सुनहरा अवसर है क्योंकि अब वे अपने घरों के नजदीक ही उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेगी। सुमन सैनी ने कहा कि रामसरन माजरा के सरकारी कॉलेज में बीए व बीकॉम में दाखिला की प्रक्रिया चल रही है। इन विषयों के विद्यार्थियों के लिए कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है। उन्होंने बाबैन व लाडवा क्षेत्र के सरपंचों और पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी अपने अपने क्षेत्र में युवाओं को कॉलेज में दाखिला लेने के लिए जागरूक करे। उन्होंने कहा कि रामसरन माजरा में इस सत्र की कक्षाओं को शुरू करने के लिए प्रशासन ने अपनी पुरी व्यवस्था तैयार कर ली है। अब बाबैन व लाडवा क्षेत्र के विद्यार्थियों को कहीं दूर जाकर पढ़ाई करने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट इसकी पूरी जानकारी दी गई है। विद्यार्थी एडमिशन के लिए पोर्टल के माध्यम से सीधा ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन के समय कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, कोई भी एक सरकारी पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, हस्ताक्षर, जाति और आय प्रमाण पत्र जरूरी है। उन्होंने कहा कि रामसरन माजरा में खुले सरकारी कालेज से इस क्षेत्र के लगभग 50 गांवों के बच्चों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और परिजनों की अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की चिंता भी अब समाप्त हो जाएगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल बाबैन के अध्यक्ष विकास शर्मा, अनिल टाटकी, भीम बेरथला, रिंकू कश्यप, दुनी चंद टाटकी, बख्तावर सिंह, गुरदेव लखमड़ी, सुखबीर सिंह, प्रदीप बिंट सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**गन्नौर:** पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। क्राइम यूनिट गन्नौर की टीम ने गांव बड़ी के निकट ऋषि चेतन आश्रम के पीछे बड़ी-शाहपुर रोड से गांव पलड़ी कलां गांव सौरभ उर्फ सिकंदर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस के उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुई।
वहीं थाना एचएसआईआईडीसी बड़ी पुलिस ने गुप्त सूचना पर फेज-3 क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश के भिंड जिले के गांव ऐनो के रहने वाले बलराम को काबू किया। तलाशी में उसके पास से एक देशी पिस्तौल और चार गोलियां बरामद हुई। दोनों मामलों में पुलिस ने आरोपितों पर केस दर्ज कर लिया है। बलराम को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# पेड़ देते हैं जीवन, संरक्षण भी जरूरी : हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि भावी पीढि ?ों के लिए बेहतर और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराने के लिए अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाना जरूरी है। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। पौधारोपण के बाद उनका संरक्षण भी उतना ही जरूरी है।
हरविंद्र कल्याण आज घरौंडा क्षेत्र के गांव शेखपुरा खालसा में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष और अन्य



अधिकारियों ने पौधारोपण किया। करीब 150 फलदार व छायादार पौधे लगाए गए।
उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए पौधारोपण जरूरी है। केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान का उद्देश्य भी मां और मातृभूमि के प्रति सम्मान प्रकट करना है। जिस प्रकार मां बच्चे का पालन-पोषण करके उसे बड़ा करती है, उसी प्रकार हमें पौधों की भी देखभाल करनी चाहिए। वृक्ष का रूप लेने पर ये पर्याप्त ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं जिससे स्वास्थ्य ठीक रहता है। पेड़-पौधे पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखते हैं। कोरोना काल में पेड़ों की कमी के महत्व को समझा जा सकता है जब ऑक्सीजन के लिए फैक्ट्रियों से सिलेंडर मंगवाने पड़े थे।
इससे पहले घरौंडा के एसडीएम राजेश कुमार सोनी, वन मंडल अधिकारी नवल किशोर, डीएसपी मनोज कुमार, बीडीपीओ सोमवीर खटकड़ और नायब तहसीलदार अरविंद यादव ने भी पौधारोपण किया। सरपंच हंसवीर घणघस ने कार्यक्रम में पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन राजकुमार पालीवाल, पूर्व चेयरमैन कुलदीप सिंह, पुरुषोत्तम सेठी आदि मौजूद रहे।

# इलेक्ट्रिकल दुकान का शटर तोड़ लाखों की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**
**करनाल।** शहर के सुभाष गेट क्षेत्र में स्थित एक इलेक्ट्रिकल दुकान का शटर तोडकर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना का पता अगले दिन सुबह दुकान खोलने पर चला। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध गतिविधियां भी सामने आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी कुलजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी दुकान जनता इलेक्ट्रिकल्स एंड मैकेनिकल वर्क्स के नाम से दुकान नंबर-3, बूटा सिंह मार्किट जीडी रोड सुभाष गेट के पास स्थित है। कल रात को वह रोजाना की तरह दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा, तो शटर करीब तीन फुट खुला मिला। कुलजीत सिंह ने बताया कि दुकान के अंदर जाकर देखा, तो काफी सामान गायब था। इसके बाद उसने सुबह आज अल सुबह डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पुलिस ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिया कि सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग पेन ड्राइव में लेकर थाने में जमा कराए।

# गुमड़ में युवक के घर पर फायरिंग मामले में आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर** । गांव गुमड़ में एक युवक के घर के बाहर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरमान खुबड़ु वर्तमान में गांधी नगर गन्नौर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि वारदात में प्रयुक्त हथियार व अन्य आरोपितों का पता किया जा सके। बता दें कि गौरतलब है कि 10 जून की रात गांव गुमड़ निवासी कुनाल के घर के बाहर फायरिंग की घटना हुई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि पुरानी रंजिश के चलते मोहित, मनोज, रवि, बच्ची, काला तथा उनके अन्य साथी पहले फोन पर गाली-गलौज करते रहे। इसके बाद सभी आरोपित देर रात उसके घर पहुंच गए और फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायर किए। एक गोली घर की खिड़की के शीशे में जा लगी, जबकि अन्य गोलियों से वह बाल-बाल बच गया। हमले के दौरान उसकी कार का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया। बचाव में घर के लोगों ने आरोपितों की ओर ईंटें फेंकी, जिसके बाद हमलावर अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे।

# केडेंस चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के आदित्य का राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णिम प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**
**करनाल।** केडेंस चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर के छात्र आदित्य ने गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की इनक्लूसिव स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। आदित्य की इस उपलब्धि ने न केवल केडेंस, बल्कि उसके माता-पिता और पूरे करनाल शहर का नाम भी देशभर में रोशन किया है। यह सफलता विशेष बच्चों की असीम क्षमताओं और सही मार्गदर्शन के महत्व को दशार्ती है।आदित्य की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न



बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों के साथ आदित्य को उसके स्वर्ण पदकों सहित एक सुसज्जित वाहन पर बैठाकर मॉडल टाउन, करनाल में सम्मान यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान शहरवासियों एवं गणमान्य नागरिकों ने आदित्य का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उसे फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

## ओपन लीग नाकआउट फुटबाल टूर्नामेंट आज से

**गन्नौर।** ब्राइट फुटबाल यूथ स्पोर्ट्स सोसायटी द्वारा 14 से 18 जून तक आरपीएस खेल मैदान में ओपन गर्ल्स लीग नाकआउट फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में हरियाणा, उत्तरप्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, मध्यप्रदेश की करीब 30 महिला फुटबाल टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजक सुनील राठी ने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 31 हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। सभी मुकाबले योग्य महिला रेफरी की देखरेख में कराए जाएंगे।

# विश्व में सबसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगी भारत अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी: अरूण सिंह

**शिरकत**

**भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने गन्नौर के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । शनिवार को भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने गन्नौर के विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की । भारत अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी (आईआईएचएम) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ यहां चल रहे



निर्माण कार्यों और सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कादियान, चीफ इंजीनियर महेंद्र सिंह, एक्सईएन एचएसएएमबी विजेंद्र सिंह, एक्सईएन ईआईएल राकेश भट्ट, मार्किट कमेटी चेयरमैन, वाईस चेयरमैन सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।
इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र पहुंचे। यहां एमएसएमई औद्योगिक एसोसिएशन बड़ी द्वारा एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक, महासचिव हरप्रीत सिंह, अमित त्यागी, निशांत गोयल ने स्वागत किया। इसके बाद भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में परिषद के पदाधिकारी योगेश कौशिक, अमित बत्रा, भाविप अध्यक्ष संदीप सिंघल आदि ने स्वागत किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य विकास उर्फ डब्बू त्यागी के कार्यालय में पहुंचे जहा प्रोपटी डीलर संगठन के पदाधिकारी ने स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ट्रेड वेलफेयर बोर्ड के बोर्ड सदस्य नवीन गर्ग, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, विधायक देवेंद्र कादयान, मेयर राजीव जैन, जिलाध्यक्ष अशोक आदि मौजूद रहे। सभी कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने कार्यकताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रही भारत की प्रगति की जनकारी दी।



# कांग्रेस को तोड़कर पार्टी बनाने वाली ममता बीजेपी पर लगा रही है पार्टी तोड़ने का आरोप: अरूण

**कार्यक्रम**

**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में बनी भाजपा सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के तहत भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह शनिवार को सोनीपत पहुंचे। उन्होंने यहां आयोजित प्रबुद्धजन नागरिक सम्मेलन में शिरकत की और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से गिनाया। पत्रकारों से बातचीत में अरुण सिंह ने कहा कि भारत आज विकास की तेज रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और नीतियों के चलते 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। उनके अनुसार, गरीबों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मसीहा के रूप में देखा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि विकास के मुद्दों पर भाजपा की तुलना में विपक्ष के पास कोई ठोस दृष्टि नहीं है। अरुण सिंह ने पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिसमें उन्होंने भाजपा में नेताओं को शामिल कराने को लेकर टिप्पणी की थी, अरुण सिंह ने कहा कि ममता बनर्जी ने भी कभी कांग्रेस से अलग होकर अपनी अलग पार्टी बनाई थी, इसलिए उन्हें इस तरह के आरोप लगाने से पहले अपने अतीत को भी याद रखना चाहिए।पंजाब की सियासत पर बोलते हुए अरुण सिंह ने भरोसा जताया कि आने वाले समय में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी। एमएसपी गारंटी कानून के सवाल पर उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस को अपने शासनकाल की एमएसपी और आज की एमएसपी की तुलना कर देखनी चाहिए, तभी उसे वास्तविकता का पता चलेगा।वहीं, कॉकरोच जनता पार्टी के सवाल पर अरुण सिंह ने कोई टिप्पणी नहीं की और जवाब देने से बचते हुए आगे बढ़ गए। इस मौके पर विधायक कृष्णा गहलावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, , सोनीपत विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखोदा ,मेयर राजीव जैन, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व मंत्री कविता जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक, वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक मौजूद रहे ।

# अंतरराष्ट्रीय पहलवान दीपक राठी का पुरखास में सम्मान, विधायक बोले- इस मिट्टी ने देश को दिए कई नामी खिलाड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** वियतनाम में आयोजित अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक और मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय पहलवान दीपक राठी का शनिवार को गांव पुरखास में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान का भी ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। समारोह के दौरान विधायक देवेंद्र कादियान ने पहलवान दीपक राठी को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों पर बधाई दी। विधायक ने कहा



कि पुरखास की मिट्टी खेल प्रतिभाओं की खान रही है। यहां की धरती पर खेलकर अनेक पहलवानों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और देश का गौरव बढ़ाया है। दीपक राठी ने भी अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। दीपक राठी ने सम्मान के लिए ग्रामीणों का आभार जताते हुए कहा कि गांव और क्षेत्र के लोगों का स्नेह उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, कोचों और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया।

# मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने किया 20 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

**तीरथ राज/एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बवाना विधानसभा क्षेत्र के दीप विहार में शनिवार को दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शहरी विकास निधि के अंतर्गत लगभग 20 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र में सड़कों एवं नालियों के निर्माण कार्यों की शुरूआत की गई, जिससे दीप विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम




उठाया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि दीप विहार बवाना विधानसभा का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा यहां के निवासियों की लंबे समय से सड़कों एवं जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग रही है। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने क्षेत्रवासियों से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य किया और आज इन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास निधि के माध्यम से क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, ताकि जनता को स्थायी और गुणवत्तापूर्ण विकास का लाभ मिल सके।

# भारतीय जनता पार्टी के राज में महंगाई चरम पर, जनता त्रस्तः हरिशंकर गुप्ता

## पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बाद अब बिजली भी हो रही महंगीः हरिशंकर गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने देश और राज्य में लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर केंद्र व मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में आज महंगाई अपने चरम पर पहुंच चुकी है, जिसके कारण आम जनता का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है। लगभग सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं और गरीब व मध्यम वर्ग के लिए परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

**पेट्रोल-डीजल के बाद अब बिजली की मार**

पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता ने



बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता पहले से ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों से परेशान थी, और अब ऊपर से बिजली भी महंगी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के दाम लगातार बढ़ने से समाज का हर वर्ग त्रस्त है।

**सरकार तुरंत दे ध्यान, जनता को मिले राहतः हरिशंकर गुप्ता**

हरिशंकर गुप्ता ने मांग की है कि सरकार को अपनी प्राथमिकताओं में सुधार करना चाहिए और जनहित को ध्यान में रखते हुए महंगाई कम करने की दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार को आम जनता की तकलीफों को समझना होगा। अगर समय रहते महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई, तो जनता की परेशानियां और ज्यादा बढ़ जाएंगी। सरकार का ध्यान केवल राजस्व बढ़ाने पर नहीं, बल्कि जनता को राहत देने पर होना चाहिए।

# केवल पार्क की श्री रामकथा में राम वनवास और केवट संवाद प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केवल पार्क स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही नौ दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा के आठवें दिन ज्ञान और भक्ति की अविरल गंगा बही। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के वनवास और केवट संवाद का अत्यंत मार्मिक एवं जीवंत प्रसंग सुनाया गया, जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। प्रभु श्रीराम के अयोध्या से वन गमन और केवट की निश्छल भक्ति के प्रसंग को सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें सजल हो उठीं और पूरा माहौल भावुक हो गया।

**त्याग और निष्काम भक्ति का अद्भुत संगम**

व्यासपीठ से कथा की अमृत वर्षा करते हुए प्रसिद्ध कथावाचक संत श्री स्वामी पागलदास जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का वनवास हमें जीवन में विपरीत परिस्थितियों में भी त्याग, धैर्य और मयार्दा का पालन करने का संदेश देता है। वहीं दूसरी ओर, केवट संवाद निष्काम भक्ति, पूर्ण समर्पण







और प्रभु के प्रति अटूट प्रेम का अनूठा प्रतीक है। जब भक्त के मन में केवट जैसा निश्छल प्रेम होता है, तो साक्षात ईश्वर भी उसकी नाव पर सवार होने को विवश हो जाते हैं।

**जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसरः** कथा के दौरान भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। जैसे ही केवट द्वारा भगवान के चरण पखारने (धोने) का प्रसंग आया, पूरा मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'सियवर रामचंद्र की जय' के गगनभेदी जयघोष से गुंजायमान हो उठा। आज के मुख्य यजमान चंद्रमणि त्यागी, उमेश शर्मा, शालू और अशोक वशिष्ठ ने व्यास पूजन किया। प्रसाद सेवा राजेश मंगल, पवन कोहली, अशोक वशिष्ठ और सुशील शर्मा द्वारा की गई। गणमान्य व्यक्तियों में सर्वश्री विक्रम सोमानी, नरेंद्र गुप्ता, सतीश वशिष्ठ, लखदातार सेवा समिति से संदीप मुद्गल एवं उनके सदस्यों द्वारा उत्तम प्रसाद वितरण सेवा की जा रही है।

प्राचीन शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक अनुष्ठान में हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य लोगों, महिलाओं और युवाओं ने कथा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।



भाजपा दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बनने पर हर्ष मल्होत्रा को बधाई देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल।

# जहांगीरपुरी में सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने चलाया सफाई अभियान







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के आई व जे ब्लॉक में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई गई। सिविल लाइन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब की अगुवाई में इस सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने भाजपा के कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर सड़कों व सार्वजनिक स्थानों पर खुद झाड़ू लगाकर सफाई की।

**स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निमार्णः सुरेन्द्र खर्ब**

अभियान के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुरेन्द्र खर्ब ने स्वच्छता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। गंदगी से तमाम तरह की बीमारियां पनपती हैं, इसलिए एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कचरा हमेशा डस्टबिन में ही डालें और इस अभियान को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

**अभियान में कई गणमान्य लोग रहे मौजूद**

इस सफाई अभियान में स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष टीटू राम, रामप्रवेश मिश्रा, मुकेश गुप्ता, संजना, बनिता माथुर, कमलेश, राजेंद्र बिष्ट, पवन गोयल, सुरेंद्र दहिया, विशाल, जय सिंह, हिमांशु भारद्वाज सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुरुषोत्तम मास पर भव्य भजन संध्या का आयोजन, बड़ी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आदर्श नगर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री आदर्श कला केंद्र की ओर से एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति का ऐसा रंग बिखरा कि हर कोई उसमें सराबोर हो गया। इस धार्मिक एवं भक्तिमय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई और देर रात तक भजनों का आनंद लिया।

**महंत अनिल शर्मा ने की शुरूआत, कपिल लाडली के भजनों पर झूमे श्रद्धालु**

भजन संध्या की विधिवत







शुरूआत महंत अनिल शर्मा द्वारा की गई सुमधुर गणेश वंदना के साथ हुई। इसके बाद मंच पर आमंत्रित प्रसिद्ध भजन गायिका कपिल लाडली ने एक से बढ़कर एक भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसैलाब को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायिका की सुरीली आवाज और भक्ति गीतों की धुनों पर श्रद्धालु खुद को रोक नहीं पाए और अपने स्थान पर खड़े होकर झूमने लगे। पूरे कार्यक्रम के दौरान पंडाल भगवान के जयकारों से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया।

**हर वर्ग में दिखा भारी उत्साह**

इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर और बेहद उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चे भी भगवान के भजनों पर थिरकते नजर आए। श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान करते हुए धर्म लाभ उठाया।

**आध्यात्मिक चेतना जगाना ही मुख्य उद्देश्यः समिति**

कार्यक्रम की सफलता पर खुशी जताते हुए श्री आदर्श कला केंद्र के पदाधिकारियों ने कहा कि पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) सनातन धर्म में आध्यात्मिक साधना, विशेष भक्ति और पुण्य अर्जित करने का सर्वोत्तम अवसर माना जाता है। इसी पवित्र उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस भजन संध्या का आयोजन किया गया था, ताकि भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच अधिक से अधिक लोग भक्ति, शांति और आध्यात्मिकता से जुड़ सकें।

**आरती और प्रसाद वितरण के साथ समापन**

कार्यक्रम के सफल समापन पर मुख्य आरती उतारी गई और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच मुख्य प्रसाद का वितरण किया गया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समिति के प्रमोद तायल, संजीव अग्रवाल, अमित तायल, महेंद्र शर्मा, योगेश बंसल एवं समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों का विशेष व सराहनीय सहयोग रहा।

# नरेलाः संजय कॉलोनी में आईजीएल की लापरवाही, 5 फीट गहरा गड्ढा बना जानलेवा आफतः विनित कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी के नरेला स्थित संजय कॉलोनी की गली नंबर-10 में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जनहित पूर्वांचल सोसाइटी के महासचिव और आरडब्ल्यूए गली नंबर-10 के संयुक्त सचिव विनीत कुमार ने बताया कि गैस पाइपलाइन के कनेक्शन के नाम पर खोदा गया गहरा गड्ढा लगभग पिछले 10 दिनों से स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

**10 दिनों से अधूरा पड़ा है काम**

जानकारी के अनुसार, करीब 10 दिन पहले कनेक्शन करने के लिए गली में खुदाई की गई थी। विनीत कुमार ने आरोप लगाया कि काम तो पूरा नहीं किया गया, बल्कि उस 5 फीट गहरे गड्ढे को वैसे ही खुला छोड़ दिया गया है।

न तो इस गड्ढे को भरा गया है और न ही सुरक्षा की दृष्टि से इसे ढका गया है।

**24 घंटे रहता है वाहनों का आवागमन**

यह मामला इसलिए और भी गंभीर हो जाता है क्योंकि गली नंबर-10 सफियाबाद रोड को सबोली रोड से जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इस



सड़क पर 24 घंटे छोटे-बड़े वाहनों और राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है। विनीत कुमार ने बताया

**समस्या**

**सफियाबाद रोड को सबोली रोड से जोड़ने वाली मुख्य गली में खतरा बरकरार, लोग हो रहे है परेशानः विनित कुमार**

कि इस रास्ते से बुजुर्ग और छोटे बच्चे भी गुजरते हैं, जिनके लिए यह गड्ढा किसी मौत के कुएं से कम नहीं है। अंधेरे में किसी भी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

**अधिकारियों के झूठे आश्वासन से नाराजगी**

उनका कहना है कि संबंधित विभाग को इस समस्या के बारे में कई बार फोन किया जा चुका है, लेकिन हर बार केवल 'आज कराता हूं' या 'अभी कराता हूं' जैसे झूठे आश्वासन ही मिलते हैं।

विनीत कुमार ने प्रशासन से सवाल किया है कि क्या विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? लगभग 5 फीट गहरा गड्ढा होने के कारण यदि कोई वाहन चालक या राहगीर इसमें गिरता है, तो उसे गंभीर चोट लग सकती है या जान का जोखिम भी हो सकता है।

# राजधानी दिल्ली के गांवों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला, ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पालम 360 के प्रमुख चौधरी सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में दिल्ली के गांवों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की और ग्रामीण क्षेत्र को सीधे प्रभावित करने वाले कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

सोलंकी ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को हाल की कुछ घटनाओं के बाद चल रही तोड़फोड़ और सीलिंग की कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की गलती के कारण सभी को कठोर परिणाम नहीं भुगतने चाहिए।



उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि गांवों और उनके विस्तारित आबादी क्षेत्रों में पहले से मौजूद पुरानी ग्राउंड प्लस चार संरचनाओं पर कोई तोड़फोड़ नहीं की जाएगी। सोलंकी के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव के लोगों को भ्रमित नहीं होना चाहिए और अगर अधिकारी अनुचित कार्रवाई करने की कोशिश करें तो सरकार को तुरंत सूचित करें।

# हरिद्वार चिंतन शिविर में सुनी जाएंगी किसानों की समस्याएं, हजारों किसान होंगे शामिलः रतनमान

**बैठक**

**भारतीय किसान यूनियन की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बिलासपुर में आयोजित की गई।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

**बिलासपुर, 13 जून।** भारतीय किसान यूनियन की मंडल स्तरीय बैठक शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बिलासपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलदेव सिंह ने की, जबकि प्रदेश अध्यक्ष रतनमान और जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अंबाला के अध्यक्ष सिंगारा सिंह तथा कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष रामधारी पंजेटा सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं किसान शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने बताया कि 16 से 18 जून तक हरिद्वार में राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के समय से यह परंपरा चली आ रही है, जिसमें देशभर के किसान अपनी समस्याएं रखते हैं। शिविर में किसान नेता नरेश टिकैत, राकेश टिकैत, युद्धवीर सिंह सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि हरियाणा से हजारों किसान इस शिविर में भाग लेंगे। किसानों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि सभी किसान अपने खाने-पीने के बर्तन साथ लेकर जाएं ताकि हरिद्वार जैसे पवित्र स्थल पर स्वच्छता बनी रहे। उन्होंने ब्लॉक और जिला स्तर के पदाधिकारियों से अधिक से अधिक किसानों को शिविर में ले जाने और उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर रखने का आह्वान किया।

बैठक में किसानों की बिजली संबंधी समस्याएं, डीएपी खाद की कमी तथा अन्य कृषि मुद्दों पर भी चर्चा की गई। रतनमान ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक गांव में किसान यूनियन की कमेटियां गठित करने की अपील की।

**26 जून को बिजली मंत्री से करेंगे मुलाकात**

जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने कहा कि किसानों के ट्यूबवेल कनेक्शन, खेतों में टूटे बिजली के खंभे, लटकी हुई तारें तथा बिजली विभाग से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर 26 जून को बिजली मंत्री अनिल विज से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपनी समस्याएं लिखित रूप में और आवश्यक प्रमाणों के साथ उपलब्ध कराने का आग्रह किया ताकि उन्हें मजबूती से उठाया जा सके।

उन्होंने बताया कि चिंतन शिविर में यमुनानगर जिले से भी सैकड़ों किसान भाग लेंगे। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष रतनमान अपनी टीम के साथ बिलासपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष हरतोल की भाभी के निधन पर शोक व्यक्त करने हरतोल गांव पहुंचे।

इस अवसर पर दीपराणा, विनोद गुर्जर तेलीपुरा, नरेश मोहड़ी, राहुल संधाय, सुभाष शर्मा, महेंद्र चमरोड़ी, हरपाल सुढ़ल, विनोद डांगी, सुखदेव टिब्बी, दिलबाग ताहरपुर, जसबीर, जसविंदर अजीजपुर, मानसिंह मजाफत, महा सिंह, देवेंद्र नेता, जरनैल सरपंच रुलाखेड़ी, सुखदेव सलेमपुर, जगशेर सिंह, जसबीर जैनपुर, रामकुमार खैरा, राजेश गागट, बीर सिंह संधू, जनक पांडो, राजवीर अहड़वाला, महेंद्र सिंह बसांतियावाला, बलकार सिंह, दयाराम जैधर, देवीदयाल गुर्जर, नायब सिंह सांगवान, बलबीर सिंह, अमृतलाल, रोहित कांबोज, पवन गोयल, जसपाल नौशहरा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन ने विकास कार्यों का किया शुभारंभ

**शुभारंभ**

**लगभग 65 लाख रु की लागत से सेक्टर 12 वॉटर बूस्टर की होगी चारदीवारी**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत** : विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन शनिवार को वार्ड नं 11 में कबीरपुर पुलिया के पास वाटर बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे जहां उन्होंने नारियल तोड़कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि आज लगभग 1 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से वार्ड नं 11 में पेयजल आपूर्ति हेतु नई पाइपलाइन बिछाने और सेक्टर 12 वॉटर बूस्टिंग स्टेशन की चारदीवारी करने का कार्य शुरू करवाया गया है।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि न्यू जीवन नगर, जीवन नगर और तारा नगर कॉलोनी वासियों की लंबे समय से शिकायत थी कि उनकी कालोनी में समुचित मात्रा में पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। समस्या का संज्ञान लेते हुए उन्होंने निगम अधिकारियों को सेक्टर 12 वॉटर बूस्टिंग स्टेशन से जीवन नगर तक नई पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने के निर्देश दिए थे।

उसी क्रम में आज कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया है।

मेयर राजीव जैन ने बताया कि आज लगभग 65 लाख रुपए की लागत से सेक्टर 12 के सामने स्थित वाटर बूस्टिंग स्टेशन की चार दीवारी करने और बूस्टिंग स्टेशन के अंदर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया है।इस कार्य के पूरा होने से बूस्टिंग स्टेशन में बाहरी लोगों की आवा जाही बंद होगी और समस्त कॉलोनी वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। इसके साथ ही इस बूस्टिंग स्टेशन से न्यू जीवन नगर, तारानगर और जीवन नगर के लोगों को पानी देने के लिए नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। जिससे हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

इस मौके पर निगम पार्षद संगीता सैनी, देवेंद्र सैनी, बालकृष्ण सैनी, राधा कृष्ण, जय सिंह सैनी, सुरेश सैनी, नरेश, विजेंद्र सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# तेजली खेल परिसर में स्वच्छता अभियान और पौधारोपण, नागरिकों को किया जागरूक

**नितिन सिंगला जगाधरी**



यमुनानगर। शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2026 के तहत वार्ड नंबर 11 स्थित तेजली खेल परिसर (स्टेडियम) में विशेष स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। यह अभियान मेयर सुमन बहमनी और नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निदेर्शों पर चलाया गया।

अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने तेजली खेल परिसर और आसपास के क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया। परिसर में फैले कूड़े-कचरे को एकत्रित कर वैज्ञानिक तरीके से उसका निस्तारण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के विशेषज्ञ आकाश कुमार, सहयोगी गगन बेनीवाल तथा उनकी टीम ने खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता प्रबंधन नियम (एसडब्ल्यूएम रूल्स-2026) की जानकारी दी। लोगों को स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण करने, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने तथा घरेलू खतरनाक कचरे जैसे पुरानी दवाइयों, बैटरियों और सीएफएल के सुरक्षित निपटान के बारे में जागरूक किया गया।

नगर निगम अधिकारियों, सफाई कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा शहर को स्वच्छ एवं हरित बनाने का संकल्प लिया।

**जनसहभागिता से ही सुंदर बनेगा शहर : मेयर**

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि ऐसे अभियानों का उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाना भी है। उन्होंने कहा कि जब तक नागरिक कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक नहीं होंगे, तब तक पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। पौधे लगाने के साथ-साथ

# श्री घण्टाकर्ण मासिक श्रद्धालु संगम आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इन्द्री रोड़ स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान पर प्रत्येक महीने के कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर हर बार की भांति मासिक श्रद्धालु संगम का विशेष भक्तिमय आयोजन 14 जून को शान्तमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराजइ, परम पुरुषार्थी साध्वी श्री जागृति जी महाराज की पावन नेश्राय में उत्साह एवं भक्तिपूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

श्री घंटाकर्ण जी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव एवं तन्त्र-मन्त्र-यन्त्र की साधना को सफल करने वाले अलौकिक शक्ति सम्पन्न देव हैं।

देवस्थान दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से शाम 7.15 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 7.15 बजे होगी तथा सांयकालीन सांय 6.30 बजे होगी।

# लाडवा क्षेत्र के 12वीं पास युवाओं को सरकारी कॉलेज में बीए-बीकॉम करने का मौका : अनुभव मेहता

**लाड़वा 13 जून (विजय कौशिक)** : एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा के रामशरण माजरा में राजकीय कॉलेज की इसी सत्र से शुरूआत की है।

कॉलेज का इसी सत्र से शुरू होना युवाओं के लिए सुनेहरी अवसर है। कॉलेज में बीए व बीकॉम में दाखिला की प्रक्रिया चल रही है। इन विषयों के लिए कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून है। उन्होंने लाडवा क्षेत्र के पार्षदों और सरपंचों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने अपने क्षेत्र में युवाओं को कॉलेज में दाखिले के लिए जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि इस सत्र की कक्षाओं को शुरू करने के लिए प्रशासन ने अपनी व्यवस्था तैयार कर ली है। अब बाबैन क्षेत्र के विद्यार्थियों को कहीं दूर जाकर पढ़ाई करने की जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट इसकी पूरी जानकारी दी गई है।

विद्यार्थी एडमिशन के लिए पोर्टल के माध्यम से सीधा ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। आवेदन के समय कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की मार्कशीट, आधार कार्ड, कोई भी एक सरकारी पहचान पत्र, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, हस्ताक्षर, जाति और आय प्रमाण पत्र जरुरी है। इसके अलावा मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी सहित अन्य मांगी गई जानकारी को उपलब्ध करवाना होगा।

**न्यूज फ्लैश**

## शाहाबाद के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में 16 से 18 जून तक लगेगा जन कल्याण शिविर : शंभू राठी

**शाहाबाद, (प्रदीप कुमार)** एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि शाहाबाद के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 16 जून से 18 जून तक जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जाएगा। केंद्र सरकार के 12 साल की उपलब्धि पर आधारित प्रदेशभर में योजनाओं के व्यापक प्रचार के लिए अभियान चलाया हुआ है। इसके अंतर्गत सभी विभागों की गतिविधियों व कार्यक्रमों को आयोजित किए जाने हैं।

उन्होंने कहा कि 16 जून से शाहाबाद के रेस्ट हाउस में सुबह 9 बजे से प्रदर्शनी व सुविधा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इनमें नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना, प्रधानमंत्री सूर्य घर, प्रधानमंत्री स्वनिधि, लखपति दीदी, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन, आजीविका मिशन ग्रामीण एवं शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं शहरी, अमृत योजना, हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना को शामिल किया जाएगा। नागरिक इन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा मौके पर ही पात्र नागरिकों के आवेदन भी करवाएं जाएंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर वन विभाग ने चलाया व्यापक पौधारोपण अभियान

**सोनीपत, 13 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वन विभाग द्वारा जिला में व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला वन अधिकारी (डीएफओ) रेनू बाला के नेतृत्व में आयोजित इन पौधारोपण कार्यक्रमों में ग्रामीणों, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अभियान के तहत ऋषिहुड यूनिवर्सिटी सहित गांव दुभेटा, पतला, भटगांव, शाहपुर, गन्नौर तथा जिला के अन्य गांवों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की अध्यक्षता संबंधित गांवों के सरपंचों ने की। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों तथा हरित आवरण बढ़ाने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान दौरान विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी स्थानीय लोगों एवं युवाओं को सौंपी गई ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। ग्रामीणों ने पौधारोपण को जन आंदोलन का स्वरूप देने का संकल्प लिया तथा अपने आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने का आह्वान किया।

डीएफओ रेनू बाला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और हरित विकास को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। आज भारत विकास के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं बल्कि जल संरक्षण, भूमि संरक्षण और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पौधारोपण को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। एक वृक्ष अनेक पीढि?ों को लाभ पहुंचाता है, इसलिए पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है।

# 21 जून को होगा नीट-यूजी परीक्षा, अम्बाला में 7 केंद्रों पर परीक्षाः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**




**अम्बालाः** अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने बताया कि 21 जून को नेशनल एलिजिबिल्टि कम एंट्रस टैस्ट (नीट-यूजी) की लिखित परीक्षा नकलरहित व पारदर्शी तरीके से आयोजित करवाई जाएगी और इस परीक्षा के लिए सात सैंटर बनाए गए हैं जिसमें 2962 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेगे। परीक्षा के दृष्टिगत सभी सम्बन्धित सैंटरों पर सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक प्रबंध रहेंगे। परीक्षा को शांतिपूर्वक, नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से करवाना प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।

इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने चण्डीगढ से आयोजित वीसी के माध्यम से परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से करवाने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने वीसी के उपरांत सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक लेते हुए बताया कि परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के तहत सभी तैयारियां करनी हैं। उन्होंने बताया कि केवीके के प्रधानाचार्या अजीत कुमार यादव को कोर्डिनेटर लगाया गया है। परीक्षा के लिए सात केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें पांच अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि परीक्षा के दिन सैंटरों पर जहां पुलिस की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित होगी वहीं ट्रैफिक की व्यवस्था भी ठीक होनी चाहिए ताकि परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पहुंचने पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने डिस्ट्रीक कोर्डिनेटर को भी कहा कि परीक्षा से पहले वह सभी परीक्षा केन्द्रों का जायजा लें ताकि यदि वहां पर कोई व्यवस्था करनी हो समय पर की जा सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का यमुनानगर-जगाधरी में स्वागत

**स्वागत**

**भाजपा कार्यकताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**

**यमुनानगर**, 13 जून। हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का शनिवार को यमुनानगर-जगाधरी पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों, फूलों की वर्षा और भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, नायब सैनी जिंदाबाद तथा अर्चना गुप्ता जिंदाबाद के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। जगाधरी में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि भाजपा का संगठन अन्य राजनीतिक दलों से अलग है, जो चुनावों के बाद भी लगातार जनसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रहता है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की निष्ठा और समर्पण के बल पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी बन चुकी है।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि यमुनानगर में मिला आत्मीय स्वागत और आशीर्वाद उन्हें नई ऊर्जा प्रदान करता है तथा जनसेवा और संगठन के प्रति उनके संकल्प को और मजबूत बनाता है। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्किल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल इंडिया, मुद्रा योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति जैसी योजनाओं ने युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं। उन्होंने कार्यकताओं से ह्यमेरा बूथ सबसे मजबूतह्न के मंत्र के साथ आगामी चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

डॉ. अर्चना गुप्ता ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में पंजाब में भी भाजपा की सरकार बनेगी और वहां के लोगों को भी हरियाणा की तरह विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

समारोह में कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर, विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा सहित अनेक वरिष्ठ नेता और हजारों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी अलग-अलग स्थानों पर डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# हेल्पर्स सोसायटी भवन में वाटर कूलर का शुभारंभ, विपक्ष पर साधा निशानाः कृष्ण

**टीम एक्शन इंडिया**



**शाहाबाद (प्रदीप कुमार)**हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के जन्मदिवस के अवसर पर शाहाबाद की सामाजिक संस्था हेल्पर्स सोसायटी द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मंत्री कृष्ण बेदी ने सोसायटी भवन में वाटर कूलर का शुभारंभ किया और कार्यकताओं व समर्थकों द्वारा दी गई शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताया।

इस अवसर पर कृष्ण बेदी ने कहा कि हेल्पर्स सोसायटी लंबे समय से जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के साथ-साथ समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन करती है, सड़क हादसों में घायल लोगों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने का कार्य करती है तथा करीब एक हजार लोगों को प्रतिदिन दो समय भोजन उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि सोसायटी भवन में वाटर कूलर की आवश्यकता उनके संज्ञान में आई थी, जिसके बाद इसे उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि समाजसेवा में जुटी संस्थाओं की जरूरतों को पूरा करना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर कृष्ण बेदी ने कहा कि यह प्रक्रिया नई नहीं है। वर्ष 1952 से ही मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण होता आया है और यह पूरी तरह चुनाव आयोग का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि मृत व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से हटाना तथा 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम जोड़ना लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब विभिन्न राजनीतिक दलों ने अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए हैं तो फिर उन्हें इस प्रक्रिया से आपत्ति क्यों है।

एलएनजेपी अस्पताल में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले पर मंत्री ने कहा कि सरकार दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। वहीं पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि आगामी चुनाव में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलेगा इस मौके पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष करण राज सिंह तूर ,वाइस चेयरमैन त्रिलोचन हांडा ,नवली मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह कलसानी ,तिलक राज अग्रवाल, डॉ प्रदीप गोयल रणजीत सिंह ,किसान मोर्चे अध्यक्ष जगदीप सांगवान, सुखविंदर गुमटी , जतिन ढिंडसा, सहदेव मलान पिंटू शर्मा, सुखविंदर सिंह दाऊ माजरा, सुखबीर राणा तंगौर,महिला मोर्चा अध्यक्ष भावना सेठी,ईश अग्रवाल, आदि लोग मौजूद रहे

# एसआईआर-2026 प्रक्रिया के प्रति मतदाताओं को किया जा रहा जागरूकः मनीष मलिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 13 जून।**



**29-राई** विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) मनीष मलिक के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गांव सेवली एवं औरंगाबाद में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बीएलओ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाना है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को एसआईआर-2026 अभियान की प्रक्रिया, पात्रता, आवश्यक दस्तावेजों एवं मतदाता सूची में नाम जोड?, हटाने तथा संशोधन से संबंधित जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई।

# बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**आजमगढ़:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि पिछले दिनों कुछ लोगों ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री के खिलाफ गलत टिप्पणी की थी। जैसे ही यह मेरे संज्ञान में आया, मैंने तत्काल पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया। बेटी के खिलाफ कोई भी अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार नहीं होनी चाहिए। हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कार में पले-बढ़े हैं, जहां कहा जाता है कि गांव की बेटी-बहन, सबकी बेटी-बहन। अखिलेश यादव दूसरों को उपदेश देते हैं, वह अपने चेलों-चपाटों को भी उपदेश दें कि भाषा संयमित कर लें। उनके लोग बहन-बेटियों, बुजुर्गों, दिवंगत लोगों व वरिष्ठ नेताओं के प्रति कैसी टिप्पणी करते हैं, उन्हें अपने लोगों



को संस्कारित करने की आवश्यकता है। अच्छा होगा कि उन्हें समझाएं, नहीं समझा सकते तो हमारे हवाले कर दें, हम समझा देंगे। सीएम योगी शनिवार को आजमगढ़ में 955 करोड़ से अधिक लागत की 39 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। मंत्रियों व जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीएम ने घोषणा की कि महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में उनकी भव्य अश्वारोही प्रतिमा लगेगी। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को पुरानी जेल को कन्वेंशन सेंटर के रूप में तैयार करने के लिए कार्ययोजना बनाने का भी निर्देश दिया।

**बार-बार वोट पाने वाले भी आपके हितैषी नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़ का गौरवशाली इतिहास रहा है। ऋषि-मुनियों की साधना से पवित्र यह धरती साहित्यिक साधना का केंद्रबिंदु रही है। देश को स्वतंत्र कराने का जज्बा इस जनपद में रहा है। जिस जनपद में हस्तशिल्प, कारीगर, किसान, ऊर्जावान युवा हैं, वह जनपद पहचान के लिए क्यों मोहताज हुआ। यह प्रश्न/पीड़ा लेकर मैं बार-बार आजमगढ़ आता हूं। जिन्होंने हमें बांटा और विभाजित किया, वे लगातार आपका समर्थन पाते थे, लेकिन वे कभी आपके हितैषी नहीं थे।सीएम ने कहा कि 2017 के पहले आजमगढ़ पहचान के लिए मोहताज था। तब यहां

### एक्शन में...

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव की बेटी पर अभद्र टिप्पणी करने वालों को सीएम की कड़ी चेतावनी

विश्वविद्यालय, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय नहीं था। एयरपोर्ट भी ठीक से काम नहीं कर पा रहा था।

आजमगढ़ की साड़ी और मुबारकपुर की ब्लैक पॉटरी को मंच नहीं मिल पा रहा था। अभी प्रदर्शनी में सबने अपने नई कहानी सुनाई। ब्लैक पॉटरी और साड़ी से जुड़े कारीगरों ने कहा कि जबसे यूपी में डबल इंजन की भाजपा सरकार आई, तबसे हमारा कारोबार कई गुना बढ़ा है। हम भी पैसा कमा रहे हैं, परिवार और हमसे जुड़े लोग भी सम्मान का जीवनयापन कर रहे हैं।

# निर्माणाधीन नेशनल सेंटर फॉर एजिंग का सीएम योगी ने किया स्थलीय निरीक्षण

### चिकित्सा

यह संस्थान जरा चिकित्सा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के चिकित्सा विज्ञान संस्थान परिसर में लगभग 150 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन 200 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक नेशनल सेंटर फॉर एजिंग का स्थलीय निरीक्षण किया। सात मंजिला इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को युद्धस्तर पर अभियान चलाकर निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने बीएचयू प्रशासन के अधिकारियों को भी परियोजना की नियमित निगरानी करने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बुजुर्गों को समर्पित यह अत्याधुनिक नेशनल सेंटर फॉर एजिंग देश का तीसरा तथा उत्तर भारत का प्रमुख जरा (वृद्धावस्था) चिकित्सा केंद्र होगा। इसका निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है। केंद्र में बुजुर्गों के लिए मल्टी-स्पेशियलिटी जेरिएट्रिक (वृद्धावस्था चिकित्सा) ओपीडी संचालित की जाएगी। इसके अलावा मेमोरी क्लीनिक, गठिया (अर्थराइटिस) क्लीनिक समेत वृद्धावस्था से जुड़ी विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु विशेष सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

इस केंद्र में मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक रेडियोलॉजी एवं जांच सुविधाएं, पुनर्वास सेवाएं, डे-केयर सेंटर, आईसीयू तथा प्राइवेट वार्ड की व्यवस्था भी होगी। इसके साथ ही यह संस्थान जरा चिकित्सा के क्षेत्र में क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# यूसीसी पर जनसामान्य के सुझावों के अनुसार होगा नीति निर्माण: सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में नीति निर्माण जनसामान्य के सुझावों के आधार पर किया जाएगा। बेहतर नीति निर्माण के लिए बेहतर जनभागीदारी आवश्यक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश शनिवार को समान नागरिक संहिता जागरूकता अभियान पर जिला कलेक्टर्स की वीसी में दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक संख्या सुझाव आमंत्रित करने के लिए सभी जिलों में जागरूकता अभियान चलाया जाए। नगरीय क्षेत्रों के साथ-साथ ग्राम स्तर तक नागरिकों को अपना अभिमत देने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय स्तर पर स्कूल-कॉलेजों में गतिविधियां संचालित करें, सामाजिक-व्यापारिक संस्थाओं, बार

### जनभागीदारी

कलेक्टर्स को किया संबोधित, कहा- बेहतर नीति निर्माण के लिए जनभागीदारी आवश्यक

कॉउंसिल आदि में चर्चा के सत्र आयोजित कर जनसामान्य से अपनी राय प्रकट करने के लिए कहा जाए। शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी समान नागरिक संहिता के संबंध में भी अपने सुझाव दें। ग्राम स्तर पर रोजगार सहायक, पंचायत सचिव आदि इस विषय पर चर्चा को प्रोत्साहित करें। इस संबंध में विशेष ग्राम सभा की बैठक भी आयोजित की जा सकती है। सभी जिला कलेक्टर इस गतिविधि को प्राथमिकता पर लें। अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अनुपम राजन और शिवशेखर शुक्ला उपस्थित थे।

# नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना पुलिस का पहला कर्तव्य: डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना पुलिस का पहला कर्तव्य है। पीड़ित व्यक्तियों के साथ विनम्र व्यवहार और उनके हितों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सिंहस्थ-2028, करोड़ों श्रद्धालुओं का आस्था पर्व है। इस आयोजन में संवेदनशीलता, सक्रियता, सतर्कता और सेवा भाव से मध्य प्रदेश पुलिस, आदर्श व्यवस्था का उदाहरण देश-दुनिया में प्रस्तुत कर



सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित आईजी कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका अभिवादन किया गया। कॉन्फ्रेंस में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आईजी स्तर के बाद संभाग स्तर पर भी समीक्षा बैठकें

### विश्वास

पीड़ित व्यक्तियों के साथ विनम्र व्यवहार और उनके हितों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित हो

आयोजित की जाएंगी और वे स्वयं इन बैठकों में शामिल होंगे।

**साइबर अपराधों की रोकथाम और जनजागरूकता को दी जाए सर्वोच्च प्राथमिकता**

मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि साइबर अपराधों की रोकथाम और जनजागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नशामुक्ति, मानव तस्करी पर नियंत्रण, महिला और बच्चों की सुरक्षा को अधिक सुदृढ़ बनाने तथा धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में न्यायालयों द्वारा दिए गए निदेर्शों का प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा तथा सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को पुलिस विभाग की प्रमुख प्राथमिकताएं बताते हुए अधिकारियों को प्रभावी एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, संगठित अपराध, माफिया गतिविधियां, भूमि संबंधी अपराध, सामाजिक चुनौतियों के नए स्वरूप सामने आ रहे हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस को तकनीकी दक्षता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के साथ कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश पुलिस की कार्यवाहियों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की गई हैं। मध्य प्रदेश पुलिस के अथक प्रयासों से मंडला और बालाघाट जिले नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हुए।

# 'मोदी सरकार के 12 वर्ष युवा शक्ति की सामर्थ्य को नई दिशा देने वाले वर्ष'

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा शक्ति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में युवाओं को अवसर, कौशल, नवाचार और नेतृत्व से जोड़ते हुए उन्हें विकसित भारत की यात्रा का प्रमुख भागीदार बनाया गया है। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान के तहत आज भारत में 2.2 लाख से अधिक स्टार्टअप नवाचार और रोजगार के नए केंद्र बन चुके हैं। नई शिक्षा नीति, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया,




प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा रोजगार मेलों जैसी पहलों ने युवाओं को कौशल, स्वरोजगार और रोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं। खेलो इंडिया जैसी योजनाओं ने खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन का मार्ग प्रशस्त किया है।

# भर्ती परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 10 केंद्रों पर होगी निगरानी

### सख्ती

परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना/किशनगंज:** मद्य निषेध सिपाही, कक्षपाल एवं चलंत दस्ता सिपाही भर्ती परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में प्रशासनिक एवं पुलिस



अधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी विशाल राज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने की। बैठक में 14 जून एवं 17 जून को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने कहा कि परीक्षा का संचालन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, सतर्कता और अनुशासन के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मियों को अलर्ट रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष और वरीय अधिकारियों को देने का निर्देश दिया।

जानकारी के अनुसार भर्ती परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। जिले में लगभग 18,336 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी।

# नई शिक्षा नीति से खेल और शिक्षा को मिल रही नई दिशा: धर्मेन्द्र प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के माध्यम से खेल और शारीरिक शिक्षा को शिक्षा व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। अब विद्यार्थियों को खेल और पढ़ाई में से किसी एक का चयन करने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि दोनों क्षेत्रों में समान रूप से आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री प्रधान शनिवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में खेल अकादियों का भ्रमण के दौरान खिलाड़ियों से संवाद कर रहे थे। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने



के लिए भोपाल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के साथ शूटिंग अकादमी का दौरा किया और खिलाड़ियों से संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। केंद्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को केवल डिग्री आधारित शिक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें कौशल, खेल और नवाचार से जोड़ने का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों और विद्यार्थियों के

### संवाद

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने भोपाल में शूटिंग अकादमी का भ्रमण कर खिलाड़ियों से किया संवाद

लिए विशेष कोर्स वर्क तैयार किया जा रहा है, जिससे खेल गतिविधियों और शैक्षणिक उपलब्धियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

**एपीएआर आईडी से जुड़ेंगी खिलाड़ियों की उपलब्धियां**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि एपीएआर (अपार) आईडी के माध्यम से विद्यार्थियों और खिलाड़ियों की शैक्षणिक तथा खेल संबंधी उपलब्धियों को एक मंच पर जोड़ा जाएगा। इससे उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों का समग्र रिकॉर्ड तैयार होगा, जो भविष्य में शिक्षा और करियर दोनों क्षेत्रों में लाभकारी साबित होगा। उन्होंने बताया कि इंटर-स्पोर्ट्स गतिविधियों को क्रेडिट स्कोर से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, ताकि खेलों में सक्रिय भागीदारी को भी अकादमिक मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जा सके।

केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पहली बार आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में भी स्पोर्ट्स कोटा की व्यवस्था की गई है।

# बांधवगढ़ में बाघ का कहर जारी, महिला के बाद युवक को बनाया शिकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**उमरिया।** मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे ग्राम झलवार में बाघ का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को जिस स्थान पर बाघ ने एक महिला को अपना शिकार बनाया था, उसी स्थान पर शनिवार को एक युवक को भी मौत के घाट उतार दिया। मृतक आपस में रिश्तेदार भी है। 24 घंटे के अंदर एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। एक दिन पहले शुक्रवार को बाघ ने फूलबाई को अपना शिकार बनाया था, उसी



स्थान पर शनिवार को उनके भतीजे कल्याण सिंह (30) पुत्र कृपाल सिंह को भी मौत के घाट उतार दिया। हमले के बाद बाघ शव के पास ही बैठा रहा और मृतक के शरीर के निचले हिस्से को भी क्षत-विक्षत कर दिया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास किए, लेकिन बाघ शव को छोड़ने को तैयार नहीं हुआ। बाद में जंगल चौकी प्रभारी द्वारा हाथियों को बुलाया गया। जिसके बाद घंटों की मशक्कत के पश्चात शाम करीब 5:30 बजे शव को बाघ के कब्जे से मुक्त कराया जा सका। गांव निवासी राजपाल सिंह ने बताया कि घटना के कई घंटे बाद तक वरिष्ठ वन अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा, अभी बड़ी मां की चिता की आग भी नहीं बुझी थी कि बाघ ने भतीजे को भी मौत के घाट उतार दिया।

# कोई भी शोध विकास के लिए किया जाता है, उसके पीछे लोक कल्याण की भावना निहित: योगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी शोध विकास के लिए किया जाता है। उसके पीछे लोक कल्याण की भावना निहित होती है। अंततः उसका उद्देश्य राष्ट्र को मजबूत और सशक्त बनाने का होता है। दो दिवसीय वाराणसी दौरे के अन्तिम दिन शनिवार को मुख्यमंत्री यहां काशी हिन्दू विश्वविद्यालय और वैदिक विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विज्ञान भारती के सातवें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने अधिवेशन का दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन के बाद विज्ञान भारती की वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह काशी हिंदू विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना के पीछे का उद्देश्य ही ज्ञान- विज्ञान के ऐसी धारा के रूप में काशी को उसकी पहचान दिलाना है, जिसके लिए हमारी काशी जानी जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम विज्ञान की बात करते हैं, तो उसके परिणामों और प्रभावों की भी जानकारी होनी चाहिए। आधुनिक विज्ञान का इतिहास करीब 400-500 साल पुराना है। जिन देशों ने विज्ञान और तकनीक पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया, दुनिया में उनका वर्चस्व भी कायम हो गया। उन्होंने कहा कि ज्ञान जहां से भी मिले, उसका स्वागत होना चाहिए। लेकिन केवल उसे अपनाना ही पर्याप्त नहीं है।



उसके मूल भाव और उद्देश्य को समझना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में प्रतिस्पर्धा और संघर्ष इसी बात को लेकर है। जब हम भारत की चर्चा करते हैं, तो उसकी प्रगति और विकास की बात भी सामने आती है। यदि हम 2000 साल पहले से लेकर 15वीं-16वीं शताब्दी तक के

### राष्ट्रीय अधिवेशन

जब हम विज्ञान की बात करते हैं, तो उसके परिणामों और प्रभावों की भी जानकारी होनी चाहिए: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

भारत के वैभव को देखें, तो पता चलता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी करीब 45 फीसदी थी। करीब 400 साल पहले, जब देश विदेशी आक्रांताओं के कठिन दौर से गुजर रहा था, तब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 24-25 फीसदी थी। 1947 में आजादी के समय यह घटकर महज 1.5 से 2 फीसदी रह गई थी। दो हजार साल पहले भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में इतनी बड़ी हिस्सेदारी क्यों थी ? इसका कारण यह था कि भारत नवाचार करता था। किसान अपने खेतों में नए प्रयोग करते थे। प्राकृतिक तरीकों से भूमि की उर्वरता बनाए रखने पर काम करते थे। कृषि हमारे लिए केवल आजीविका का साधन नहीं थी। बल्कि आरोग्यता का माध्यम भी थी। यह देश और समाज को जोड़ने का काम भी करती थी। आज हमने अन्नदाता किसान को उर्वरकों पर निर्भर होने के लिए मजबूर कर दिया है। उसे यह विश्वास दिला दिया गया कि रासायनिक खाद के बिना खेती संभव नहीं है। हम यह भूल गए कि हमारी कृषि व्यवस्था में पशुपालन भी अभिन्न हिस्सा था।

इसके पहले मुख्यमंत्री का स्वागत बीएचयू के कुलपति प्रोफेसर अजित कुमार चतुर्वेदी ने अंगवस्त्र पहनाकर किया। उल्लेखनीय है कि अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं राष्ट्रीय विकास पर विचार-विमर्श होगा। दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश-विदेश से लगभग 1200 प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। इनमें विज्ञान भारती के सदस्य, वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षाविद, नीति-निमार्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ सहभागिता कर रहे हैं।